


# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर, शुक्रवार 24 जनवरी 2025 ■ माघ कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-295 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 25 जनवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### पटवारियों की हड़ताल खत्म

**रायपुर,23 जनवरी।** ऑनलाइन कामों में आ रही परेशानियों को लेकर जारी पटवारियों की हड़ताल आज समाप्त हो गई है. आदर्श आचार संहिता और लोगों के कामों को देखते हुए पटवारियों ने हड़ताल खत्म करने का ऐलान किया है. आज से ऑनलाइन काम फिर शुरू करेंगे. राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा है कि पटवारियों से चर्चा जारी थी. आम जनता के हित में उचित निर्णय लिया है. अब प्रदेश में राजस्व संबंधित कामों में तेजी आएगी. बता दें कि शासन से आवश्यक संसाधन की मांग करते हुए पटवारी बीते 9 दिसंबर से काली पट्टी लगाकर काम कर रहे थे. इसके बाद भी मांग पूरी नहीं होने पर 15 दिसंबर से सभी प्रकार के ऑनलाइन कार्यों और ट्रेनिंग का बहिष्कार किया था. 16 दिसंबर से प्रदेशभर के पटवारी सभी वाट्सएप ग्रुप का बहिष्कार करते हुए हड़ताल पर बैठे थे.

### पेड़ से टकराई बस, 25 घायल

**राजनांदगांव,24 जनवरी।** जिले में राजनांदगांव से घुमका जा रही बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई. इस हादसे में बस में सवार 25 से अधिक यात्रियों को चोटें आई है. घायलों को जिला मेडिकल कॉले में भर्ती कराया गया है, जहां सभी का इलाज जारी है. बताया जा रहा कि सभी खतरे से बाहर हैं. स्थिति सामान्य है. यह हादसा तिलाई के पास हुआ. बस राजनांदगांव से घुमका जा रही थी, तभी यह हादसा हो गया. घटना की सूचना मिलते ही चिखली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया. बताया जा रहा कि बस जागीरदार ट्रेवल्स की है. बस में सवार यात्रियों का कहना है कि बस में 35 यात्री सवार थे. बाइक



को बचाने के चक्कर में बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई है. उनके परिवार के लोगों को चोट भी आई है, जिसका इलाज चल रहा है. बस के परिचालक नीलम ताम्रकार का कहना है कि गाड़ी राजनांदगांव से जालबांधा जा रही थी. ओवरटेक करते हुए बाइक को बचाने के चक्कर में बस पेड़ से टकरा गई, जिसमें यात्री घायल हुए हैं. सीएसपी पुष्पेंद्र नायक ने बताया, 25 से अधिक घायलों को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया है, जहां सभी का उपचार किया जा रहा है.

### देवेन्द्र यादव की जमानत मामले में छग सरकार को सुको की नोटिस

**रायपुर,24 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार प्रकरण में केंद्रीय जेल में निरुद्ध भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की ओर से ज़मानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका की सुनवाई करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए है। विधायक देवेंद्र यादव की ज़मानत याचिका पर सुनवाई तीन हफ़्ते बाद होगी। बलौदाबाजार प्रकरण में ही जेल में बंद आरोपी नारायण मिरी को सुप्रीम कोर्ट ने ज़मानत दे दी है। नारायण मिरी और विधायक देवेंद्र यादव दोनों के ही ज़मानत आवेदन पर सुनवाई जस्टिस सुधांशु धुलिया और जस्टिस विनोद के चंद्रन की पीठ ने की है। बलौदाबाजार में सतनामी समाज सम्मेलन के दौरान शामिल हुए लोग बलवाइयों में तब्दील हो गए। इस भीड़ ने सरकारी अमले पर जानलेवा हमला किया और संपत्ति को जलाया था।इस मामले में सैकड़ों को गिरफ्तार किया गया है जबकि कुछ अब भी फरार बताए गए हैं। जो गिरफ्तार हुए हैं उनमें से नारायण मिरी पहले आरोपी हैं जिन्हें ज़मानत मिली है।

## ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में बड़ा धमाका, 8 की मौत

**नागपुर,24 जनवरी।** महाराष्ट्र के भंडारा जिले के जवाहर नगर इलाके में आज सुबह आयुध कारखाने में विस्फोट होने से 8 व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य फंस गए। अग्निशमन कर्मियों और एम्बुलेंस सहित बचाव दल को घटनास्थल पर तैनात किया गया है। विस्फोट के कारण फैक्ट्री की छत ढह गई और अर्थमूवर्स फिलहाल मलबा हटाने का काम कर रहे हैं। भंडारा जिला कलेक्टर संजय कोलटे के अनुसार, कई लोग फंसे हुए हैं, अब तक कुल चौदह लोगों को बचाया जा चुका है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि भंडारा में ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में बड़ा धमाका हुआ है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक इस घटना में 8 लोगों की मौत हो गई है और 7 लोग घायल हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट किया कि महाराष्ट्र के भंडारा में आयुध फैक्ट्री में विस्फोट के बारे में



जानकर गहरा दुख हुआ। बचाव दल घटनास्थल पर तैनात हैं। प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

महाराष्ट्र के सीएम देवेन्द्र फड़णवीस ने कुछ देर पहले कहा कि भंडारा जिले की ऑर्डनैस फैक्ट्री में हुए विस्फोट में छत गिरने से 13 से 14 मजदूरों के फंसने की खबर है। अभी तक मिली शुरुआती जानकारी के मुताबिक दुर्भाग्यवश एक मजदूर की मौत हो गई है। 5 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक मौके पर हैं और हर तरह की मदद मुहैया करायी जा रही है. बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ और नागपुर नगर निगम की टीमों को भी बुलाया गया है और वे जल्द ही पहुंच जाएंगी। जिला प्रशासन रक्षा बलों के साथ समन्वय में बचाव कार्यों में शामिल है। चिकित्सा सहायता के लिए टीमों को भी तैयार रखा गया है। मैं उस व्यक्ति को हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जिसने इस घटना में अपनी जान गंवाई है।

## खड़े ट्रक से टकराई बस, बच्ची की मौत, 43 यात्री घायल

**महासमुंद,24 जनवरी।** सरायपाली के घंटेश्वरी मंदिर के समीप नेशनल हाइवे 53 पर आज अलसुबह यात्री बस खड़े ट्रक से जा टकराई. दुर्घटना में बस में



सवार छह माह की दुधमुंही बच्ची की मौत हो गई, वहीं 43 यात्रियों को चोट आई है, जिनमें से 19 लोगों की हालत गंभीर है. जानकारी के अनुसार, बस क्रमाम CG 23 N 2400 दुर्ग से पुरी जा रही थी. रास्ते में सुबह करीबन चार बजे सरायपाली के घंटेश्वरी मंदिर से करीबन 200 मीटर की दूरी पर खड़े ट्रक से बस जा भिड़ी. दुर्घटना के तुरंत बाद यात्रियों की चीख-पुकार शुरू हो गई. दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सरायपाली सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया. राजस्थान में रजिस्टर ट्रक (RJ 17 GA 5673) बीते दो दिनों से खराब हालत में खड़ा था.

### सीएम ने जताया दुख

**रायपुर.** महासमुंद जिले के सरायपाली में यात्री बस और ट्रक के बीच हुई सड़क दुर्घटना में एक बच्ची की मौत और 43 लोगों के घायल होने की खबर पर सीएम विष्णुदेव साय ने दुख जताया है. उन्होंने ट्वीट कर कहा, यह घटना अत्यंत दुखद है. घायलों का इलाज जारी है. प्रशासन को बेहतर चिकित्सकीय व्यवस्था के निर्देश दिए हैं. सीएम साय ने कहा, ईश्वर से दिवंगत बच्ची की आत्मा की शांति एवं उनके शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने व घायलों के जल्द से जल्द स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूं.

## 'तूने मुझे बुलाया शेरावालिए...' माता वैष्णो देवी की भक्ति में लीन हुए फारूक अब्दुल्ला

**श्रीनगर,24 जनवरी।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख और जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला एक बार फिर सिर्खियों में है। इस बार फारूक अब्दुल्ला माता के भजन गाने को लेकर सुर्खियों में हैं। फारूक अब्दुल्ला माता वैष्णो देवी मंदिर के पास कटरा के आश्रम में माता की भक्ति में लीन दिखे। साथ ही 'तू ने मुझे बुलाया शेरावालिये' भजन गाकर सबको चौंका दिया। उनका माता का भजन गाने का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इससे पहले अप्रैल 2024 में भी रामधुन को लेकर उनका एक वीडियो



वायरल हुआ था। दरअसल, कटरा के एक आश्रम में 'भजन' कार्यक्रम में एक गायक और बच्चों के साथ शामिल होकर फारूक अब्दुल्ला ने गाया, 'तूने मुझे बुलाया शेरावालिये, मैं आया मैं आया शेरावालिये। इसके बाद वहां मौजूद सभी लोगों ने खुशी का इजहार करते हुए तालियां बजाई। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने रोपवे परियोजना के विरोध में कटरा के लोगों के समर्थन की आवाज उठाई। उन्होंने कहा, मंदिर का संचालन करने वालों को ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिए, जिससे स्थानीय लोगों के हितों को नुकसान पहुंचे या उनके लिए समस्या पैदा हो। उन्होंने कहा कि लोगों को यह अहसास हो गया है कि सत्ता सरकार के पास नहीं, बल्कि लोगों के पास है। अब्दुल्ला ने इस बात पर जोर दिया कि लोगों के पास सरकार बनाने या गिराने की शक्ति है और अब अधिकारी उनसे इस बारे में बात करने के लिए संपर्क कर रहे हैं कि रोपवे का निर्माण कहां किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, इन पहाड़ियों में रहने वाले लोग माता के आशीर्वाद से अपनी आजीविका कमाने के लिए यहां आते हैं, लेकिन उन्हें भुला दिया गया है। उन्हें लगता है कि वे ही सबकुछ हैं। वे कुछ भी नहीं हैं। जब ईश्वर की शक्ति प्रबल होती है, तो बाकी सब कुछ फीका पड़ जाता है।

## वक्फ बिल पर जेपीसी की बैठक में हंगामा

### विपक्ष के 10 सांसद निलंबित, निशिकांत दुबे ने लगाया बड़ा आरोप

**नई दिल्ली,24 जनवरी।** वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक में आज विपक्षी सांसदों का हंगामा देखने को मिला। बैठक में हंगामे के बाद सभी 10 विपक्षी सांसदों को वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक से दिन भर के लिए निलंबित कर दिया गया। निलंबित विपक्षी सांसदों में कल्याण बनर्जी, मोहम्मद जावेद, ए राजा, असदुद्दीन ओवैसी, नासिर हुसैन, मोहिबुल्लाह, एम अब्दुल्ला, अरविंद सावंत, नदीमुल हक, इमरान मसूद शामिल हैं। वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर जेपीसी की बैठक में बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि ये विपक्ष के लोगों की सोच है, खासकर औवेसी साहब की कि हमने जम्मू-कश्मीर का पूरा प्रतिनिधित्व नहीं सुना और मीरवाइज उमर फारूक को बुला लिया। केवल उनकी बात सुनने के लिए जेपीसी अध्यक्ष ने खंड दर खंड चर्चा करने के लिए बैठक स्थगित कर दी। आज विपक्ष की सोच उजागर हो गयी है। उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने मीरवाइज के सामने हंगामा किया और दुर्व्यवहार किया, यह संसदीय लोकतंत्र के खिलाफ है।

भाजपा सांसद ने कहा कि अगर आज और कल क्लॉज-बाय-क्लॉज चर्चा करने के लिए बैठक होती तो भी 27 जनवरी या 28 जनवरी को एक और बैठक होती। उन्होंने कहा कि 27 जनवरी को बैठक पहले से ही तय थी। विपक्ष बहुमत की आवाज का गला घोंटना चाहता है। अधिकतम सदस्यों ने



27 जनवरी को बैठक करने का सुझाव दिया है। 29 जनवरी को हम स्पीकर को रिपोर्ट सौंपेंगे। जब भी मैंने जेपीसी में बोलने के लिए माइक उठाया है, विपक्ष ने हमेशा मेरी आवाज दबाने की कोशिश की है। कल्याण बनर्जी ने कहा कि यह बैठक में अघोषित आपातकाल की तरह चल रहा है। अध्यक्ष इस (बैठक) को आगे बढ़ा रहे हैं और वह किसी की नहीं सुनते। उन्होंने कहा कि वे (भाजपा सांसद) सोचते हैं कि वे डिप्टी पीएम और डिप्टी होम मिनिस्टर हैं। यह पूरी तरह से एक दिखावा है। उन्होंने कहा कि हमें बताया गया कि 24 और 25 जनवरी को बैठक होगी। अब आज की बैठक के लिए एजेंडे में क्लॉज दर क्लॉज चर्चा में बदलाव किया गया है।

## कभी-कभी हिंसा जरूरी होती है: भैयाजी जोशी


**नागपुर,24 जनवरी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी भैयाजी जोशी ने एक विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अहिंसा की रक्षा के लिए कभी कभी हिंसा जरूरी होता है। अपने संबोधन में भैयाजी जोशी ने जोर देकर कहा कि भारत हमेशा से शांति और अहिंसा के मार्ग पर चला है। लेकिन धर्म की रक्षा के लिए समय समय पर कड़े कदम उठाने की जरूरत है। भैयाजी जोशी ने कहा कि हिंदू सदा ही अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। धर्म की रक्षा के लिए हमें वे काम भी करने होंगे जिसे दूसरे लोग अधर्म करार दे सकते हैं। बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद के जीएमडीसी ग्राउंड में हिंदू डर आध्यात्मिक मेले का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में के आरएसएस के वरिष्ठ नेता सुरेश भैयाजी जोशी, चुके सीएम भूपेंद्र पटेल मौजूद रहे। इस मौके पर भैय्याजी जोशी ने कहा कि अहिंसा के विचार की रक्षा के लिए हिंसा कभी-कभी जरूरी होती है।

वरिष्ठ आरएसएस नेता ने कहा कि अपने धर्म की रक्षा के लिए वे काम भी करने सी होंगे जिन्हें दूसरे लोग अधर्म करार देंगे। ऐसे काम ज्य हमारे पूर्वजों ने भी किए थे। उन्होंने इस बात पर हत जोर दिया कि भारत को शांति के रास्ते पर सभी को 16 साथ लेकर चलना होगा। उन्होंने कहा कि भारत के कई अलावा कोई भी ऐसा देश नहीं है जो सभी को साथ लेकर चलने में सक्षम हो। आरएसएस नेता के अनुसार, भारत के लोगों को शांति के पथ पर सबको साथ लेकर चलना होगा क्योंकि जो सबको साथ लेकर चल सकता है वही शांति स्थापित कर सकता है। उन्होंने कहा कि अगर कोई धर्म लोगों को अपने-अपने धर्मों का पालन करने की अनुमति नहीं देता है तो शांति स्थापित नहीं होगी। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि शांति का मार्ग सद्भाव से होकर जाता है। भारत के अलावा दुनिया को साथ लेकर चलने वाला और कोई देश नहीं है। हम वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ चलते हैं। भारत विभिन्न विचारों को एक साथ लेकर चलने वाले देश है।

## महादेव सट्टा एप के 9 गेमबाजों पर मामला दर्ज

### मजदूर के जनधन बैंक खाते में हुआ था करोड़ों का ट्रांजेक्शन

**डोंगरगढ़,24 जनवरी।** डोंगरगढ़ में सामने आया था कि टाइल्स का काम करने वाले एक मजदूर के जनधन बैंक अकाउंट में करोड़ों रुपये का ट्रांजेक्शन देख रेंज साइबर रायपुर के द्वारा मजदूर के साथ साथ 07 अन्य युवाओं को भी भारी भरकम ट्रांजेक्शन की वजह से हिरासत में लेकर रायपुर में पूछताछ किया जा रहा था. सूत्रों के अनुसार, इन युवकों पर अवैध रूप से बैंक खाते उपलब्ध कराने और उनमें भारी मात्रा में लेनदेन करने का आरोप था। पुलिस को जानकारी मिली थी कि इन खातों का उपयोग सट्टेबाजी और जुए के पैसों के लेनदेन के लिए किया जा रहा था। जिसके बाद साइबर पुलिस ने उन खातों पर विशेष




निगरानी रख रही थी जिनमें अत्यधिक ट्रांजेक्शन हो रहे थे, और संदिग्ध गतिविधियों की पुष्टि होने पर कार्रवाई की गई थी। जिसके बाद रेंज साइबर सेल रायपुर द्वारा 09 आरोपियों पर अपराध क्र. 44/2025 धारा317(2),317(4),317(5),11,3(5) के तहत मामला दर्ज कर आरोपीगण 1- रजत श्याम कुंवर पिता राजकुमार म0नं0 478 दंतेश्वरी वार्ड डोंगरगढ़ 2- अफजल खान पिता पीर खान उम्र पता वार्ड न बर 16 रजानगर डोंगरगढ 3- गजेदन्द्र वर्मा पिता भीखम वर्मा उम्र एक बत्ती पांच रास्ता वार्ड नं0 16 डोंगरगढ़ 4- प्रवीण कुमार पिता अशोक कुमार उम्र 23 वर्ष सा0 भोथली गाजमर्रा डोंगरगढ़ राजनांदगांव 5- शेख जीशान पिता शेख जमीर वार्ड नं0 20-22 वर्ष रजानगर डोंगरगढ़ 6- शुभम दत्ता पिता बापी दत्ता उम्र 22 वर्ष सा0 बंगालीपारा वार्ड नं0 2 डोंगरगढ़ 7- तनिष्क सिंह भाटिया पिता रंजीत सिंह उम्र 20 वर्ष सा0 बुधवारीपारा वार्ड नं0 13 डोंगरगढ राजनांदगांव8- धनेश सेन पिता रूपचंद सेन उम्र 32 वर्ष सा0 देवकटटा थाना डोंगरगढ़, राजनांदगांव 9- अरविंद चौरे पिता घसिया चौरे उम्र 38 वर्ष सा0 रविदास वार्ड नं0 21 को गिरफ्तार किया गया है. वहीं उन लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू कर दी गई है, जो अवैध रूप से बैंक खाते उपलब्ध कराने में शामिल पाए गए हैं। अधिकारियों का कहना था कि महादेव सट्टा और अन्य ऑनलाइन जुआ नेटवर्क को खत्म करने के लिए ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## गया था जमानत लेने, मिल गई जेल

### कानून से खिलवाड़ करने वाले शख्स को सुप्रीम कोर्ट ने सिखाया सबक

**नई दिल्ली,24 जनवरी।** काननू से आंख मिचौली करना एक सख्स को भारी पड़ गया. यह हैरान करने वाला मामला सुप्रीम कोर्ट का है, जहां अग्रिम जमानत मांगने पहुंचे एक व्यक्ति पर कोर्ट ने न सिर्फ 2 लाख रुपए का जुर्माना लगाया, बल्कि पुलिस को 3 दिन के अंदर उसकी गिरफ्तारी का आदेश भी दे दिया. याचिकाकर्ता डेढ़ साल से आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज केस से बचने हाईकोर्ट को चकमा दे रहा था. सुप्रीम कोर्ट ने उसकी चालाकी पकड़ ली. मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश जारी करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग कर रहा है. एक से ज्यादा बार अग्रिम जमानत की मांग खारिज होने के बाद भी उसने समर्पण नहीं किया. पुलिस ने भी उसे गिरफ्तार नहीं किया. दरअसल अमृतसर के कैंटोनमेंट थाने में हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज एक एफआईआर में प्रतीक अरोड़ा वांछित है. उसने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका लगाई, लेकिन जजों के सख्त रुख को देखते हुए 30 सितंबर 2024 को उसे वापस ले लिया. 2 महीने बाद उसने फिर हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल कर दी. 11 दिसंबर 2024 को दिए आदेश में हाईकोर्ट ने दर्ज किया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ एफआईआर 25 जून, 2023 को दर्ज हुई थी. डेढ़ साल बाद भी उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई है. पुलिस ने उसे भगोड़ा घोषित करने के लिए निचली अदालत में आवेदन भी नहीं दाखिल किया है. हाईकोर्ट ने पुलिस अधिकारियों से याचिकाकर्ता की सांठ-गांठ का अंदेशा जताते हुए अमृतसर के डिप्टी पुलिस कमिश्नर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा. इस बीच प्रतीक अरोड़ा सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया. उसने हाईकोर्ट के 30 सितंबर वाले आदेश को चुनौती देते हुए अग्रिम जमानत मांगी. जस्टिस जे के माहेश्वरी और अरविंद कुमार की बेंच ने फाइल का मुआयना करते ही उसकी चालाकी भांप ली. जजों ने कहा कि याचिकाकर्ता कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग कर रहा है. एक से ज्यादा बार अग्रिम जमानत की मांग खारिज होने के बाद भी उसने समर्पण नहीं किया. पुलिस ने भी उसे गिरफ्तार नहीं किया.थोड़ी देर चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी. कोर्ट में थोड़ी देर चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी. कोर्ट ने याचिकाकर्ता पर 2 लाख रुपए का जुर्माना लगाया. आदेश में कहा गया है कि यह रकम वह पंजाब स्टेट लीगल सर्विसेज ऑथोरिटी को जमा करवाए. इसके साथ ही कोर्ट ने अमृतसर के पुलिस कमिश्नर को आदेश दिया है कि वह 3 दिन के भीतर याचिकाकर्ता को गिरफ्तार कर लें. कोर्ट ने पुलिस कमिश्नर से गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए हलफनामा दाखिल करने को भी कहा है.


## गणतंत्र दिवस पर खेल जगत की प्रसिद्ध हस्तियों को सम्मानित करने की परंपरा उत्साहजनक

jasclaudius@gmail.com

# पाठ्यक्रम में शामिल हो महान खिलाड़ियों की जीवनी

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

हमारे देश में खेल से जुड़े हुए विशिष्टजनों को उनकी विशेष उपलब्धि के लिए प्रतिष्ठित करने के रीति-रिवाज की जितनी भी तारीफ की जाए कम है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जब भी भारत के खिलाड़ियों की उपलब्धि की बात आती है तुरंत ही विघ्नसंतोषी लोग उसका संबंध हमारे देश की जनसंख्या से जोड़ देते हैं। बड़ी आबादी में मिली सफलता को कम आंकने की कोशिश गलत है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किसी अन्य देश के साथ भारतीय प्रतिभागियों के प्रदर्शन को कमजोर आंकने से खिलाड़ियों में निराशा होती है। खेलों की दुनिया में जीत को सहर्ष स्वीकार किया जाना चाहिए। किसी भी तरह के विवाद से दूर होते हुए खिलाड़ी की कामयाबी पर भारतवासियों को गौरवान्वित होना चाहिए। इस दिशा में केंद्र, राज्य सरकार, औद्योगिक घरानों, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों की भूमिका का उल्लेख करते हुए विजयी प्रतिभागी को ईनाम दिए जाने में कोई संकोच नहीं करना चाहिए। आगामी 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के दिन विश्व खेल पटल पर उल्लेखनीय सफलता पाने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, संस्थाओं को पुरस्कृत किया जाता है। 2014 के पूर्व यह देखने में आता था कि कुछ खेल विशेष से जुड़े लोगों को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया जाकर पद्मश्री, पद्मभूषण पद्मविभूषण या भारत रत्न आदि दिया जाता था अब ऐसा नहीं है। अब तो सामान्य, महिला, पुरुष या दिव्यांग सभी सामान्य खेल से जुड़े को भारत सरकार द्वारा 26 जनवरी को सम्मानित किया जाता है। 2024 में रोहन बोपन्ना (टेनिस), जोशना चिनप्पा (स्क्वैश), उदय विश्वनाथ देशपांडे (मलखंब), गौरव खन्ना (बैडमिंटन), सत्येंद्र सिंह लोहिया (तैराकी), पूर्णिया महतो (तीरंदाजी), हरविंदर सिंह (1964 में हाकी टीम के सदस्य) को पद्मश्री दिया गया। इस प्रकार हम 2014 के पश्चात खेल से जुड़ी हस्तियों पर नजर डालेंगे तो साफ हो जाता है कि वह दिन अब लद गये जब सिर्फ खिलाड़ियों को ही अवार्ड दिया जाता था अब खेल के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े हस्तियों का सम्मान होने लगा है। उल्लेखनीय तथ्य यह है कि खेल से जुड़े पुराने लोगों को भी याद किया जा रहा है। यह एक अच्छी परंपरा है जैसे 2024 में पूर्णिमा महतो पुरानी तीरंदाज हैं परंतु अभी भी सक्रिय होकर प्रशिक्षक की भूमिका निभा रही है। इसी तरह 1964 के टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता हाकी टीम के सदस्य हरविंदर सिंह थे उन्हें 60 वर्षों बाद पद्मश्री अवार्ड दिया गया। मलखंब जो कि भारत में ही अविष्कृत हुआ खेल है उसके प्रशिक्षक उदय देशपांडे को सम्मानित किया गया। इसी तरह अब नागरिक सम्मान के लिए दिव्यांग खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों को भी जोड़ा गया। 2024 में पैरा बैडमिंटन के कोच गौरव खन्ना तथा पैरा तैराक सतेंद्र सिंह लोहिया को भी पद्मश्री से नवाजा गया। हम कह सकते हैं कि 21वीं सदी में भारत में खेलकूद की दिशा बदलने के लिए निरंतर बदलाव किए जा रहे हैं। इसतरह के गौरव से खेलकूद में आ रही और आने वाली पीढ़ी को कुछ कर गुजरने की इच्छा बलवती होती है। छत्तीसगढ़ के संदर्भ में पिछले 24 वर्षों में सिर्फ एक पद्मश्री का सम्मान हाकी खिलाड़ी अर्जुनी अवार्डी सबा अंजुम को मिला जबकि 1948 से 1960 तक लगातार चार बार ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले हाकी खिलाड़ी लेस्ली क्लाडियस को 1971 में पद्मश्री अवार्ड दिया गया था। क्लाडियस ने 4 ओलंपिक खेलों में तीन स्वर्ण व एक रजत पदक जीता और वे इस उपलब्धि के साथ भारतीय टीम के कप्तान बनने वाले भारत के एक मात्र हाकी खिलाड़ी हैं। 25 मार्च 1927 को बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में जन्मे भारत के इस महान हाकी खिलाड़ी का छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद आज तक उचित सम्मान राज्य सरकार द्वारा नहीं किया जाना दुर्भाग्यजनक है। आने वाले पीढ़ी के सामने ऐसी हस्तियों का परिचय न देना खेल के हित में नहीं है। छत्तीसगढ़ सरकार को लेस्ली क्लाडियस और सबा अंजुम करीम जैसी हाकी खिलाड़ियों की यादों को स्मरणीय बनाने के लिए इन दोनों खिलाड़ियों के जीवन यात्रा को शिक्षा के पाठ्यक्रमों में सम्मिलित किया जाना चाहिए। ठीक इसी तरह छत्तीसगढ़ के एक अन्य महान मुक्केबाज अर्जुन अवार्डी राजेंद्र प्रसाद हैं। उनका जन्म 17 जनवरी 1968 को भिलाई छत्तीसगढ़ में हुआ था वे 48 किग्रा वर्ग (लाईट फ्लाईवेट) में भाग लेते थे और 1980 से सक्रिय मुक्केबाज रहे। उन्हें विश्व में सातवीं वरीयता भी प्राप्त थी तथा उन्होंने 1992 के बार्सिलोना ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। ऐसे महान मुक्केबाज का नाम भी छत्तीसगढ़ सरकार, छत्तीसगढ़ मुक्केबाज संघ, छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ और भारतीय ओलंपिक तथा मुक्केबाजी संघ द्वारा भारत सरकार को पद्मश्री के लिए अग्रेषित किया जाना चाहिए। इससे छत्तीसगढ़ में न सिर्फ नये मुक्केबाज उभरकर आएंगे बल्कि प्रदेश में खेल का वातावरण बनेगा।





## ईसा मसीह पर विवादित टिप्पणी मामले में भाजपा विधायक भगत को राहत

**जशपुर,24 जनवरी।** ईसा मसीह पर विवादित टिप्पणी के मामले में भाजपा विधायक रायमुनि भगत को जिला और सत्र न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। न्यायालय ने 6 जनवरी को प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी द्वारा एफआईआर दर्ज करने के आदेश को पुनर्विचार के लिए लोअर कोर्ट को लौटा दिया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि इस आदेश को दो प्रमुख आधारों पर चुनौती दी गई थी। पहला, न्यायालय ने विधायक रायमुनि भगत को अपना पक्ष रखने का अवसर नहीं दिया, और दूसरा, लोक प्रतिनिधि होने के बावजूद राज्य सरकार से अनुमति लेने की प्रक्रिया को नजरअंदाज किया गया। सत्र न्यायाधीश मंसूर अहमद ने कहा कि लोअर कोर्ट द्वारा यह आदेश पारित करने से पहले विधायक को पक्ष रखने का अवसर देना आवश्यक था, जैसा कि न्यायिक दृष्टांत ÷बासानागोड़ा आर पाटील विरुद्ध शिवानंदा एस पाटील÷ के मामले में हुआ था। उन्होंने आदेश को पुनर्विचार के लिए लोअर कोर्ट को भेजने का निर्देश दिया, और कहा कि विधायक को सुनवाई का अवसर देने के बाद ही निर्णय लिया जाए।

यह मामला उस वक्त सामने आया जब नवंबर 2024 में जिले के ढंगनी गांव में आयोजित सरकारी भवन के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान विधायक रायमुनि भगत के विवादित भाषण का वीडियो वायरल हुआ था। इसमें विधायक ने मसीही समाज के आराध्य प्रभु ईसा मसीह के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। मसीही समाज ने इसे लेकर जिले के विभिन्न पुलिस थाना और चौकियों में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया था, लेकिन पुलिस ने मामले पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। इसके बाद ढंगनी निवासी हेरमन कुजूर ने अपर सत्र न्यायालय में परिवाद दायर किया था।

# इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट में छत्तीसगढ़ में एफडीआई के लिए खुले रास्ते

**रायपुर, 24 जनवरी।** मुंबई में हाल ही में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट मीट में छत्तीसगढ़ के लिए विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) के रास्ते खुल गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुंबई में अमेरिकी कॉन्सल जनरल और रशिया कॉन्सल जनरल से मुलाकात की। दोनों अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ में निवेश की इच्छा जताते हुए राज्य के अनुकूल कारोबारी माहौल की सराहना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि नई औद्योगिक नीति के कारण अब तक छत्तीसगढ़ ने लगभग 1 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आकर्षित किए हैं। ये प्रस्ताव हाल ही में रायपुर, दिल्ली और मुंबई में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट समिट के दौरान प्राप्त हुए।



मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट में देश के प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों से सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा हमने नई उद्योग नीति के माध्यम से निवेशकों के लिए रेड कारपेट बिछाया है। इस दौरान उन्होंने निवेशकों को हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में शामिल हुए प्रमुख उद्योगपतियों से छत्तीसगढ़ सरकार को छह हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव भी प्राप्त हुए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य की नई औद्योगिक नीति 2024-30 की खूबियों को साझा करते हुए कहा कि निवेशकों की पसंदीदा नीति बनाने के लिये हमने न्यूनतम शासन-अधिकतम प्रोत्साहन को सूत्रवाक्य के रुप में अपनाया है। इसके अंतर्गत हमने एनओसी की प्रक्रिया को बेहद आसान कर दिया है। सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से अब क्लियरेंस हो रहे हैं। इससे निवेशकों को खासी राहत मिल रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा नई उद्योग नीति में निवेश एवं रोजगार के अवसरों में वृद्धि के लिए 1 हजार करोड़ रुपए अथवा एक हजार लोगों को रोजगार देने वाले उद्योगों को बी-स्पोक नीति का अवसर प्रदान किया गया है। इस नीति में 30 से 50 प्रतिशत तक एवं 200 से 450 करोड़ रुपए तक स्थायी पूंजी निवेश का प्रावधान किया गया है। 5 से 12 वर्ष तक नेट एसजीएसटी प्रतिपूर्ति, रोजगार एवं ईपीएफ प्रतिपूर्ति तथा प्रशिक्षण व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए आकर्षक प्रावधान किये गये हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया नये जमाने के उद्योगों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, रोबोटिक्स, कंप्यूटिंग, ग्रीन हाइड्रोजन जैसे क्षेत्रों में निवेश के लिए आकर्षक प्रावधान रखे गये हैं। नवा रायपुर में हम डाटा सेंटर भी आरंभ कर रहे हैं। नवा रायपुर को हम आईटी हब के रूप में विकसित कर रहे हैं और यहां आईटी कंपनियों ने काम करना आरंभ कर दिया है। नवा रायपुर आधुनिक सुविधापूर्ण और व्यवस्थित शहर है साथ ही ग्रीनफील्ड शहर भी हैं जिससे आईटी इंडस्ट्री के विकास के लिए यहां भरपूर संभावनाएं हैं।

# भोजवानी साहू ने किया नगर में भंडारा का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 24 जनवरी।** अयोध्या में श्री रामलल्ला के प्राण प्रतिष्ठा दिवस के एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर वार्ड क्रमांक 14 और 15 के वार्डवासियों एवं भोजवानी साहू भोजवानी ऑनलाइन सेंटर के संचालक और नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार के द्वारा भव्य भंडारे का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें लगभग 2000 लोगों ने भोजन प्रसादी ग्रहण किया।मिली जानकारी के अनुसार भोजवानी साहू जो नगर पंचायत अध्यक्ष पद में कांग्रेस से अपना प्रबल दावेदारी किया है। जिसने लगातार नगर में जनहित, सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम कर नगर के जनता के विश्वास पर खरा उतरा है ।इसी क्रम में 22 जनवरी को श्रीराम भगवान के प्राण प्रतिष्ठा के 1 वर्ष पूरा होने के शुभ अवसर पर वार्ड क्रमांक 14 व वार्ड क्रमांक 15 में नगर पंचायत कार्यालय के सामने भव्य भंडारा का कार्यक्रम रखा गया ।वहीं ऐतिहासिक कलश यात्रा भी निकाली गई तत्पश्चात शाम 7:00 बजे से भंडारा का कार्यक्रम शुरू हुआ ।जिसमें महिला पुरुष बच्चे बूढ़े सहित लगभग 2000 लोगों ने भोजन प्रसादी ग्रहण किया। बताया जाता है कि भोजवानी साहू और उनकी धर्मपत्नी ने भंडारे में भोजन परोसने व झूठा पत्तल उठाने का काम कर लोगों के मन को मोह लिया ।उन्होंने छुरिया के जनता को लाने के लिए गाड़ी का भी इंतजाम था ।भोजवानी साहू ने बताया कि पिछले वर्ष भी 22 जनवरी को श्री राम भगवान के प्राण प्रतिष्ठा के दिन वार्ड क्रमांक 14 और वार्ड क्रमांक 15 में भंडारे का कार्यक्रम किया गया था उन्होंने बताया कि यहां भंडारे का कार्यक्रम प्रतिवर्ष अनवरत जारी रहेगा।



## एक नजर

### डोंगरगांव पर्यवेक्षक ने कांग्रेस पार्षद-अध्यक्ष प्रत्याशियों से की वन टू वन मुलाकात



**डोंगरगांव 24 जनवरी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आज डोंगरगांव के पर्यवेक्षक निखिल द्विवेदी ने प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया सभी दावेदारों से वन टु वन के माध्यम से पूरी की जहां सभी वार्डो के नामों पर चर्चा हुई और लगभग सभी वार्डो के सिंगल नाम तय कर लिए गए । प्रत्याशियों से हुई चर्चा के बाद निखिल द्विवेदी ने बताया कि पूरी पार्टी एकजुटता से चुनाव लड़ेगी और लगातार चौथी बार नगर की सत्ता में कांग्रेस काबिज होगी एवं इस बार टिकिट वितरण में युवाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

### कलेक्टर एवं निगम प्रशासक फहराएंगे राष्ट्र ध्वज तिरंगा

**रायपुर 24 जनवरी।** गणतंत्र दिवस दिनांक 26 जनवरी 2025 रविवार को प्रातः 7:30 बजे रायपुर नगर पालिक निगम के मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के प्रांगण में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है. रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह नगर निगम मुख्यालय भवन के प्रांगण में राष्ट्र ध्वज तिरंगा फहराएंगे। इस अवसर पर रायपुर नगर पालिक निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा सहित रायपुर नगर पालिक निगम के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहेंगे।

### मंत्री टंकराम वर्मा करेंगे ध्वजारोहण

**राजनांदगांव 24 जनवरी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन 26 जनवरी 2025 को सुबह 9 बजे दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित किया जाएगा। समारोह में खेल एवं युवा कल्याण एवं राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री श्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि होंगे। मंत्री श्री टंकराम वर्मा द्वारा 26 जनवरी 2025 को सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा एवं परेड की सलामी ली जाएगी। मंत्री श्री वर्मा परेड का निरीक्षण एवं मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभागीय झांकियों का प्रस्तुति एवं पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

### कलेक्टर से जल बहिनी खिलेश्वरी साहू ने की सौजन्य मुलाकात



**राजनांदगांव 24 जनवरी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2025 को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में जल जीवन मिशन अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम ढोडिया़ की जल बहिनी श्रीमती खिलेश्वरी साहू को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल से जल बहिनी श्रीमती खिलेश्वरी साहू ने जिला कार्यालय के कलेक्टर कक्ष में सौजन्य मुलाकात की। कलेक्टर ने श्रीमती खिलेश्वरी साहू को नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि श्रीमती खिलेश्वरी साहू ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की सक्रिय सदस्य है। उनके द्वारा ग्राम ढोडिया़ में एफटीके के माध्यम से जल स्त्रोतों की जांच की जाती है। साथ ही ग्रामीणों को जल उपयोगिता एवं जल संरक्षण हेतु जागरूक कर रही है। सभी ग्रामीणों को प्रतिमाह समय पर जल कर जमा करने के लिए प्रेरित करती है। श्रीमती खिलेश्वरी साहू ग्राम में संचालित नल जल योजना के प्रति ओनरशिप डेवलप करने हेतु सराहनीय कार्य किया गया है।

### महापौर पद के लिए कांग्रेस से प्रशांत तिवारी ने भी की दावेदारी

**राजनांदगांव 24 जनवरी।** वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ता प्रशांत प्रभात तिवारी ने कांग्रेस से महापौर पद के लिए दावेदारी की है।



श्री तिवारी युवक कांग्रेस के जिला महामंत्री और शहर जिला युवक कांग्रेस और ग्रामीण जिला युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भी रह चुके हैं । श्री तिवारी जिला न्यायालय राजनांदगांव और उच्च न्यायालय बिलासपुर में वकालत करते हैं। वे शासकीय अभिभाषक भी रह चुके हैं। श्री तिवारी के पिता स्व. श्री प्रभात तिवारी एवं दादा स्वतंत्रता सेनानी स्व.श्री छोटेलाल तिवारी भी कांग्रेस के विभिन्न पदों में रह चुके हैं । कांग्रेस अध्यक्ष को लिखे गए पत्र में उन्होंने कहा है कि शहर में उनकी छवि स्वच्छ और साफ-सुथरी है। उन्होंने कहा कि महापौर पद को सामान्य घोषित किया गया है और शहर की जनता भी नये चेहरे के रूप में उन्हें स्वीकार करेगी , इसका उन्हें पूर्ण विश्वास है। उन्होंने निवेदन किया है कि चूंकि महापौर पद को सामान्य घोषित किया गया है इसलिए पार्टी को सामान्य वर्ग के व्यक्ति को ही इस पद के लिए अपनी पार्टी की ओर से अधिकृत प्रत्याशी घोषित करना चाहिए और उन्हें विश्वास है कि पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा को देखते हुए उन्हें पार्टी इस पद के लिए अपने अधिकृत प्रत्याशी के रूप में टिकट देगी।

### हत्या के प्रयास के आरोपी को पुलिस ने 4 घंटे के भीतर किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव 24 जनवरी।** इस प्रकार है कि प्रार्थिया श्रीमती मीनू साहू पति मनोज साहू उम्र 22 साल निवासी कुआ चौक नंदई थाना बसंतपुर की रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 22.01.25 के रात्रि लगभग 09:30 बजे इसके पति मनोज साहू के मोबाईल में फोन आया और वह मोबाईल में बात करते हुए नंदई कुंआ चौक तरफ गया।

# जिपं क्षेत्र तुमड़ीबोड से हैट्रिक के लिए महेंद्र यादव ने की मजबूत दावेदारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया/डोंगरगांव 24 जनवरी।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देशानुसार एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 (तुमड़ीबोड) के प्रत्याशी चयन हेतु आवश्यक बैठक लेने पहुंचे जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष व क्षेत्र क्रमांक 7 के पर्यवेक्षक पदम सिंह कोठारी के समक्ष जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 (तुमड़ीबोड) हेतु तीसरी बार पुनः महेंद्र यादव ने अपनी मजबूत दावेदारी पेश किया व उपस्थित क्षेत्र के वरिष्ठ जनों से मांगा समर्थन व आशीर्वाद मांगा। बात करें महेंद्र यादव की तो वे वर्ष 2005 से 2010 महामंत्री ओबीसी सेल जिला राजनादगाँव कांग्रेस,वर्ष 2015 से 2018 प्रदेश सचिव किसान कांग्रेस छ.ग., वर्ष 2023 से अब तक महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव ग्रामीण। वर्ष 2018 से 2021 अध्यक्ष जिला किसान कांग्रेस राजनादगाँव,वर्ष 2021 से अब तक महामंत्री प्रदेश किसान कांग्रेस हैं। जिस हिसाब से महेंद्र यादव की लगातार सक्रियता है विगत 10 वर्षों से जिला पंचायत सदस्य के रूप में उन्होंने क्षेत्र की आम जनता की विभिन्न समस्याओं सहित उनके दुख सुख में हमेशा सहभागी बने हैं। इस वजह से क्षेत्र वासियों की मांग उन्हें तीसरी बार फिर से जिला पंचायत सदस्य बनाने की उठ रही है और जीत भी सुनिश्चित मानी जा रही है। निर्वाचन के पदों का संक्षिप्त विवरण वर्ष 2002 अध्यक्ष छात्रसंघ शासकीय हा. सेकेंडरी स्कूल, तुमडीबोड,वर्ष 2005 से 2010 सरपंच ग्राम पंचायत बोदेला, विकासखंड - डोंगरगांव, वर्ष 2015 में जिला पंचायत राजनांदगांव के क्षेत्र क्रमांक 14 (विधानसभा डोंगरगांव) से 10 हजार 800 मतों से विजय हो कर जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति, वन स्थायी समिति व सदस्य- कृषि स्थायी समिति सहित सदस्य - योजना मंडल एवं सदस्य - संचार संकर्म समिति का दायित्व निभाया।



## सेन समाज ने भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जयंती धूमधाम से मनाई

**रायपुर 24 जनवरी।** सर्व सेन समाज के तत्वाधान में भारत रत्न जननायक बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय श्री कर्पूरी ठाकुर जी की 101 वीं जयंती बड़े ही हर्ष उल्लास एवं धूमधाम से मनाई गई। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कलेक्टर चौक के पास बाबा अंबेडकर जी की मूर्ति के पास भारत रत्न जननायक गरीबों के मसीहा स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई।उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाज के संरक्षक एवं श्री गौरी शंकर श्रीवास अति विशिष्ट अतिथि पूर्व थाना प्रभारी श्री द्वारका प्रसाद श्रीवास एवं श्री आशुतोष श्रीवास रहे। कार्यक्रम के अध्यक्षता जिला के अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर ने की । कार्यक्रम में जननायक श्री कर्पूरी जी के बताए हुए सत मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हुए, उनके जयकारे लगे, । सर्वप्रथम उनके चलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया गया ।उक्त कार्यक्रम में रायपुर जिला के अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर संरक्षक श्री नारायण प्रसाद सेन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री द्वारका प्रसाद श्रीवास, सुशील कौशिक, राज श्रीवास, अरुण सेन, आशुतोष श्रीवास, नोहर लाल सेन, सुशील कौशिक, डॉ कृष्णा दास, राजू श्रीवास ईश्वरलाल सेन, डॉ दिलीप सेन ,विजेंद्र सेन , अनिल ठाकुर,जगदीश प्रसाद ठाकुर, नारद सेन,रुपेश ठाकुर, अनिल सेन,दिनेश सेन,आदि सभी ने उनके बताए हुए सत मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हुए जयंती की बधाई दी ।



# सभी जिला पंचायत के दावेदारों ने पर्यवेक्षक को दिए अपने आवेदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव24 जनवरी।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देशन में सभी ब्लॉक में आयोजित जिला पंचायत क्षेत्र के प्रत्याशी चयन हेतु आवश्यक बैठक ली गई। जिसमें लगभग सभी जिला पंचायत क्षेत्र के दावेदारों ने अपने अपने पर्यवेक्षक के पास आवेदन प्रस्तुत किया है।

इसी कड़ी में भागवत साहू ने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 टेडेसरा से अपने मजबूत दावेदारी करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के उपाध्यक्ष व पर्यवेक्षक पंकज बांधव को अपने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव (वर्तमान मे)। पूर्व ब्लाक उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस राजनांदगांव। सरपंच, ग्राम पंचायत टेड़ेसरा, ज.पं. राजनांदगांव। जिला अध्यक्ष, पंचायतराज संगठन, राजनांदगांव।सचिव, जिला कांग्रेस कमेटी, राजनांदगांव। महामंत्री, जिला कांग्रेस कमेटी, राजनांदगांव। वर्तमान महामंत्री, जिला कांग्रेस कमेटी, राजनांदगांव। राजनीतिक सक्रिय कार्यो मे बड़चड़ कर हिस्सा लेने के कारण भाजपा शासनकाल मे 45 दिवस तक जेल कारावास एवं किसान आंदोलन एवं आंदोलनों में सक्रिय भागीदारी रहा है। अध्यक्ष, जिला साहू संघ राजनांदगांव। अध्यक्ष, जिला साहू संघ, राजनीतिक प्रकोष्ट। अध्यक्ष, जिला साहू संघ राजनांदगांव (निर्वाचित 2004)। संगठन सचिव, प्रदेश साहू संघ रायपुर (निर्वाचित)। संगठन सचिव, प्रदेश साहू संघ रायपुर (निवाचित)।



# स्वरूप विस्तार के बाद अब और खूबसूरत हुआ ऑटो एक्सपो

**रायपुर 24 जनवरी।** अब और खूबसूरत नजारा साइंस कालेज मैदान में ऑटो एक्सपो का नजर आ रहा है जब राडा की टीम ने दो दिन तक कड़ी मेहनत करके सभी स्टाल होल्डर्स के साथ मिलकर स्टालों को सजाया-संवारा। रौशनी की ऐसी हाईमास्ट व्यवस्था दी गई है दूर तक लाइट बिखर रही है। स्टॉल की न केवल साइज बढ़ गई बल्कि अब पूरा एक्सपो स्थल विशाल नजर आ रहा है। जिससे वाहनों का बढिया़ डिसप्ले हो पा रहा है और कस्टमर के साथ डीलर्स को वाहनों के प्रेजेंटेशन में सुविधा हो रही है। एक्सपो में गुरुवार को पहुंचे विजिटर्स ने स्वंय इसे महसूस भी किया और सराहना भी की। कई सारे नए माडलों की लांचिंग शुक्रवार से शुरु हो रही है और इसके लिए भी बड़ा डिस्प्ले बोर्ड तैयार किया गया है। ऑटोमोबाइल कंपनियों के उच्च अधिकारियों के आने का सिलसिला भी शुरु हो जायेगा। वहीं जिला प्रशासन, नगर निगम के उच्च अधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है। एसबीआई के डीजीएम शुक्रवार को विशेष तौर पर एक्सपो में उपस्थित रहेंगे। 22 जनवरी की तारीख तक एक्सपो में कुल 5964 वाहनों की बिक्री हो चुकी है। रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) के अध्यक्ष श्री रविन्द्र भसीन, उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया ने बताया कि देश के बड़े ऑटो एक्सपो में शुमार रायपुर का नाम ऑटोमोबाइल सेक्टर में लिया जाने लगा है। कस्टमर को ही नहीं बल्कि अपने राज्य की अर्थव्यवस्था में सहभागी बनते हुए सरकार को भी बड़ा फायदा वे दे रहे हैं। सरकार ने भी सहयोग करते हुए आजीवन रोड टैक्स पर 50 फीसदी की छूट देकर बड़ी सौगात दी है और यही वजह है नित नए रिकार्ड को एक्सपो की बुकिंग व बिक्री के आंकड़े छू रहे हैं। पहला एक्सपो होगा जहां पर 200 से भी अधिक स्टाल एक जगह पर मौजूद हैं। शुक्रवार से छत्तीसगढ़ के लोगों को भी विभिन्न ऑटोमोबाइल कंपनियों के नए माडलों से रूबरू होने का मौका मिलेगा।

## भाजपा जिला अध्यक्ष ने प्रेस वार्ता में कहा

# नगरीय निकाय में जनता रही विकास से वंचित,भाजपा करेगी जनता के सपनों को पूरा:नम्रता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 24 जनवरी।** भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह ने प्रेसवार्ता कर कहा है कि छत्तीसगढ़ में होने जा रहे नगरीय निकाय व त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव मूलतः उस विश्वास को जनादेश में बदलने के लिए हैं, जो विश्वास हमने अपने पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में हासिल किया है। हमने पिछले महीने ही ÷जनादेश परब÷ में विश्वास का एक वर्ष पूर्ण किया है। श्रीमती सिंह ने कहा कि हमारी सरकारं ने नगरीय निकाय और पंचायत दोनों का आमचुनाव एक साथ कराने का निर्णय लिया है। ऐसा कर हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ÷वन नेशन वन एलेक्शन÷ की ओर एक निर्णायक कदम बढ़ा चुके हैं। जिलाध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह ने बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष को मुख्यमंत्री




विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने ÷अटल निर्माण वर्ष÷ घोषित किया है। यह वर्ष प्रदेश निर्माता अटल जी का जन्म शताब्दी वर्ष भी है। निस्संदेह अटल निर्माण वर्ष में हमारी सरकार अधोसंरचना के क्षेत्र में अधिकाधिक कार्य करेगी और इसका सबसे बड़ा लाभ हमारे नगरीय निकायों को मिलेगा। श्रीमती सिंह ने कहा कि भाजपा ने अपने मंत्र ÷हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे÷ के साथ राज्य में विकास का नया अध्याय लिखा है। केंद्र और राज्य, दोनों में भाजपा सरकार ने जो अद्भुत कार्य किए हैं, वह जनता के सामने हैं। हमने बीते एक साल में जो वादे किए, उन्हें पूरा कर यह साबित किया है कि भाजपा केवल बोलती नहीं, बल्कि करके दिखाती है। अब हम इस मंत्र को लेकर नगर पालिका, नगर निगम,नगर पंचायत और जिला परिषद स्तर तक पहुंच रहे है, ताकि हर शहर, हर वार्ड, और हर गली, यहां तक कि हर घर में विकास की यह गूंज सुनाई दे। श्रीमती सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य छत्तीसगढ़ के हर नागरिक को स्वच्छ, सुंदर, और समृद्ध जीवन प्रदान करना है। कांग्रेस के भ्रष्टाचार और कुशासन के विपरीत, भाजपा हर स्तर पर पारदर्शी और जवाबदेह शासन देने के लिए प्रतिबद्ध है।

निवर्तमान जिलाध्यक्ष एवं नगर पंचायत चुनाव प्रभारी मदन साहू ने कहा कि यह चुनाव सिर्फ नगर में प्रतिनिधि चुनने का अवसर नहीं है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ के शहरों के भविष्य को सँवारने और हर नागरिक के लिए एक स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध कल सुनिश्चित करने का मौका है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की जनता को हमेशा निराश किया है। 2018 के विधानसभा चुनाव और 2019 के शहरी निकाय चुनाव में जीत हासिल करने के बाद, कांग्रेस ने जनहित के वादों को पूरा करने के विपरीत भ्रष्टाचार और कुशासन का नया अध्याय लिखा। कांग्रेस के शासनकाल में विकास के कार्य ठप कर दिए गए।

## समाचार संक्षेप

### बीएसएनएल के नेटवर्क को मजबूत बनाने के लिए सुरेंद्र महाराणा को मिला अवार्ड




**डोंगरगढ़ 24 जनवरी।** भारतीय दूर संचार प्राईवेट कंपनी (बीएसएनएल) की साख व प्राइवेट कंपनी के टैरिफ प्लान को धवस्त करते (बीएसएनएल) प्राइवेट कंपनी ने अपना नेटवर्क बढ़ाने व लाखों की संख्या में आये लोगों में नेटवर्क प्राब्लम की शिकायत को दूर करने अभियान छेड़ा है. इसी के तहत नेटवर्क पर कंपनी के फ़ाइनेंस मैनेजर सहित पुरा परिवार कार्य कर रहा है. इसी कड़ी में कार्यालय राजनांदगाव मे संपन्न हुए फ्रैंचाइज़ी सम्मलेन मे सुरेंद्र महाराणा डोंगरगढ़ क्षेत्र के फाइबर इंटरनेट के क्षेत्र मे उत्कृठ कार्य के लिए सहायक महाप्रबंधक विपणन राजेश कश्यप के हाथों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किए गया।

### कमल कुमार जैन ने किया देहदान



**रायपुर 24 जनवरी।** प्रियदर्शनी नगर निवासी कमल कुमार जैन (90) का कल रात निधन हो गया। वे कुरवाई जिला विदिशा में प्राचार्य और ब्लॉक डेव्हलेपमेंट ऑफिसर थे। वे रायपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व कार्यपालन अभियंता राजेन्द्र कुमार जैन, कैनेडा निवासी इंजीनियर राकेश कुमार जैन और श्रीमती ज्योति जैन के पिता थे। कमल कुमार जैन की इच्छा के अनुरुप उनके परिवारजनों एवं श्री पार्श्वनाथ दिग्बर जैन मंदिर समिति टैगोर नगर के पदाधिकारियों ने उनके शरीर को आज पं. जवाहरलाल नेहरु स्मृति मेडिकल कालेज के एनाटामी विभाग को शैक्षणिक व अनुसंधान के लिए दान में दिया। इस अवसर पर परिजनों के साथ ही मंदिर समिति के राजेश जैन, पुषपेन्द्र जैन, प्रियंक जैन, नवीन मोदी, रजनीश जैन, शशिम मोदी शामिल थे। मेडिकल कालेज एनाटामी विभाग की प्रमुख डॉक्टर (प्रो) जागृति अग्रवाल, व्याख्याता कुशल चक्रवर्ती और डॉ. संतोष कुमार शर्मा ने देह दान स्वीकार करते हुए कमल कुमार जैन और उनके परिजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### जलापूर्ति पश्चात सरोना ओवर हेडटैंक की शील्ट की सफाई की जाएगी

**रायपुर 24 जनवरी।** आज निर्धारित कार्यक्रम अनुसार नगर निगम रायपुर के जल कार्य विभाग द्वारा रायपुरा के 2500 किलोलीटर क्षमता के ओवर हेड टैंक की शील्ट सफाई का कार्य करवाया गया है. रायपुरा ओवर हेडटैंक में सुबह की नियमित जलापूर्ति के पश्चात शील्ट सफाई के साथ - साथ कैमिकल ट्रीटमेंट , सभी चैंबरों की सफाई एवं पेंटिंग का कार्य किया गया है । इस कार्य के लिए एजेंसी सतगुरु को ओवर हेड टैंक की शील्ट सफाई हेतु नगर निगम जल कार्य विभाग द्वारा अनुबंधित किया गया है. रायपुरा ओवर हेड टैंक में शील्ट की सफाई का कार्य अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से सुबह 9 बजे प्रारम्भ कर दोपहर 2 बजे तक पूर्ण कर लिया गया. इस कारण से आज संध्याकालीन जलापूर्ति सम्बंधित रायपुरा ओवर हेड टैंक में आंशिक प्रभावित रही. दिनांक 24 जनवरी 2025:शुक्रवार को सरोना ओवर हेड टैंक में शील्ट सफाई का कार्य नगर निगम जल कार्य विभाग द्वारा अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से करवाया जायेगा. शील्ट सफाई कार्य के चलते दिनांक 24 जनवरी 2025 को सरोना ओवर हेडटैंक से संध्याकालीन जलापूर्ति आंशिक प्रभावित रहेगी. रायपुर शहर की अन्य ओवर हेड टंकियों से जलप्रदाय व्यवस्था यथावत रहेगी।

### अशांति फैलाने वाले बदमाश पर कार्रवाई

**राजनांदगांव 24 जनवरी।** श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकरी डोंगरगढ़ श्री अशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में गांवो में होने वाले मंडई मेला एवं आगामी नगरी निकाय , पंचायत चुनाव मे शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने असामजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत आज दिनांक 23.01.2025 को चौकी चिचोला मे आम जनता की शिकायतो के आधार पर अलग अलग टीम गठित कर बदमाशो पर अंकुश लगाने हेतु पेट्रोलिंग कार्यवाही किया जा रहा है दौरान अभियान के अनावेदक करन लहरे द्वारा ग्राम करईडबरी मे प्रार्थी आवेदक के घर मे घुस कर डराधमका रहा था जिसका पुलिस मे शिकायत दर्ज कराने पर मेरे खिलाफ रिपोर्ट लिखाये हो कहकर वाद विवाद कर अषांति फैला रहा था मौके पर घर परिवार और पुलिस द्वारा समझाने पर और आक्रोषित होने लगा संज्ञेय अपराध की आशंका पर बदमाष करन लहरे पिता भागचंद लहरे उम्र 22 साल साकिन करईडबरी ओपी चिचोला जिला राजनांदगांव छ.ग. के विरूद्ध धारा 170,126,135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर मान. न्यायालय डोंगरगढ़ पेश किया गया ।

## संपादकीय

# हर बात के विरोध की आदत ठीक नहीं

लोकतंत्र में विपक्ष की अहम भूमिका होती है। विपक्ष को यह पता रहना चाहिए लेकिन कई बार विपक्ष को यह पता नहीं रहता है, वह मान के चलता है कि जनता ने उसे नकार दिया है, दूसरे राजनीतिक दल को सेवा का मौका दिया है तो उसका काम तो सरकार के साथ ही हर संस्था के फैसले का विरोध करना है। हर फैसले का विरोध की करने का जब आदत हो जाती है तो कई बार विपक्ष का विरोध ही उसे हास्यास्पद बनाता है। जनता के बीच उसकी विश्वसनीयता कम होती है। वक्त चुनाव हो तो चुनाव आयोग की हर बात का विरोध करने की परंपरा से बन गई है। विपक्ष को ऐसा लगता है कि चुनाव आयोग ने सरकार के कहने पर सब कुछ किया है। चुनाव आयोग स्वतंत्र संस्था है वह चुनाव कैसे निष्पक्ष व स्वतंत्र हो सकता है, सब पहलुओं को ध्यान में रखते हुए चुनाव का कार्यक्रम बनाता है। चुनाव आयोग ने छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। राज्य में कई राजनीतिक दल हैं लेकिन किसी और दल ने इस बात का विरोध नहीं किया है कि चुनाव परिणाम चार चरणों में क्यों घोषित किए जाने की व्यवस्था की गई है। कांग्रेस इस बात का विरोध कर रही है कि चुनाव आयोग ने नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव के परिणाम चार बार घोषित करने की व्यवस्था क्यों की है, उसे आशंका है कि ऐसा होने पर चुनाव प्रभावित हो सकता है। चुनाव आयोग ने निकाय चुनाव के परिणाम एक दिन और पंचायत चुनाव के परिणाम मतदान के दूसरे दिन करने की व्यवस्था की है। उसकी सोच यह हो सकती है कि चुनाव परिणाम एक मतदान के एक दिन बात करना ठीक रहेगा, इससे कोई यह ारोप नहीं लगा सकेगा कि चुनाव परिणाम रोककर किसी तरह की गड़बड़ी की गई है। निकाय चुनाव के लिए मतदान 11 फरवरी को होगा,इसका परिणाम 15 फरवरी को घोषित किया जाएगा, पंचायत चुनाव के लिए मतदान तीन दिन 17,20 व 23 फरवरी को होगा, इसका रिजल्ट एक दिन बाद यानी 18,21,24 फरवरी को घोषित कर दिया जाएगा। कांग्रेस का कहना है कि मतदान होने के बाद सभी रिजल्ट आखिरी दिन यानी 24 फरवरी को घोषित किया जाना चाहिए। कांग्रेस ने चुनाव आयोग से कहा है कि अगर चार दिन चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे तो उससे होने वाले चुनाव प्रभावित होंगे। नगर निकाय का रिजल्ट 15 फरवरी को घोषित हो जाएगा तो लोग हो सकता है कि नगर निकाय में जो पार्टी जीत रही है, पंचायत में उसी पार्टी के समर्थित प्रत्याशी को जिताने का फैसला करें। इससे पहले दिन का पंचायत चुनाव प्रभावित हो सकता है। पंचायत चुनाव का रिजल्ट आने पर दूसरे दिन होने वाला चुनाव प्रभावित हो सकता है क्योंकि यहां भी जनता यह देख कर वोट कर सकती है कि कौन जीत रहा है। सामान्य मनोविज्ञान के अनुसार तो जनता को यह पता चल जाए कि चुनाव में कौन जीत रहा है कि तो सब तो नहीं लेकिन बहुत सारे लोग जीतने वाले दल या प्रत्याशी को ही वोट करते हैं। यहां पर कांग्रेस यह मानकर चल रही है कि नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव भाजपा जीत रही है क्योंकि आम तौर पर माना जाता है कि राज्य में जिसकी सरकार होती है, नगरीय निकाय व पंचायत चुनव भी वही दल जीतता है। अभी राज्य में भाजपा की सरकार है इसलिए कांग्रेस मान कर चल रही है कि चुनाव तो भाजपा जीत रही है। चार बार रिजल्ट की घोषणा करने से कांग्रेस को चुनाव आयोग की आलोचना करने का मौका मिल गया है कि चुनाव आयोग ने जानबूझकर ऐसा चुनाव कार्यक्रम बनाया है जिससे चुनाव में भाजपा को फायदा हो और उसे चुनाव जीतने में आसानी हो। मान लो चुनाव आयोग कांग्रेस के मुताबिक सीधा 24 फरवरी को एक दिन चुनाव का रिजल्ट घोषित करता तो भी कांग्रेस चुनाव आयोग की आलोचना करता कि चुनाव आयोग ने चुनाव में भाजपा को जिताने के लिए 11 को पहला मतदान होने के बाद भी 24 फरवरी को रिजल्ट जारी किया है। इससे चुनाव आयोग को भाजपा को जिताने के लिए कई दिन मिल गए हैं। यानी चुनाव आयोग किसी भी तरह से चुनाव कार्यक्रम बनाता कांग्रेस को उसकी आलोचना करनी ही थी कि उसने भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए ऐसा किया है। अभी चुनाव प्रचार शुरू हुआ है,आने वाले दिनों में कांग्रेस लोकसभा चुनाव की तरह छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव में भी कह सकती है कि अगर यहां चुनाव आयोग निष्पक्ष चुनाव कराता है तो जीत तो कांग्रेस की ही होगी। क्योंकि कांग्रेस ने सभी नगरीय निकाय व पंचायतों में पांच साल ऐसे काम कराएं हैं जिससे उसके हार ही नहीं सकती। लोकसभा चुनाव के समय राहुल गांधी सहित कांग्रेस नेताओं ने ऐसा ही कहा था कि अगर चुनाव आयोग निष्पक्ष चुनाव कराएगा तो कांग्रेस जीतेगी और भाजपा हारेगी। ऐसा कांग्रेस ने अपनी हार को छिपाने के लिए कहा था, उसको देश के लोगों को यह बताना था कि देखों हम हारे नहीं है, हमको तो चुनाव आयोग ने हरा दिया है। कांग्रेस देश में कहीं भी चुनाव होता है और वह भाजपा से हार जाती है तो वह यही कहती है कि वह हारी नहीं है, उसको हराया गया है।वह कहीं जीत जाती है तो ही नहीं कहती है चुनाव आयोग ने निष्पक्ष चुनाव नहीं कराया है। हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने चुनाव परिणाम को अप्रत्याशित मानकर स्वीकार ही नहीं किया था। महाराष्ट्र का रिजल्ट आया तो उसका कहना था कि ऐसा रिजल्ट तो आ ही नहीं सकता था यानी भाजपा इतनी शानदार जीत हासिल कर ही नहीं सकती थी। भाजपा को इतनी बड़ी जीत मिली है तो जरूर कहीं किसी तरह की गड़बड़ी की गई है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज वैसे तो कह रहे हैं कि कांग्रेस पिछली बार की तरह निकाय व पंचायत चुनाव में शानदार जीत दर्ज करेगी। रिजल्ट आने तक वह ऐसा कहेगी लेकिन जैसे ही रिजल्ट आएगा और कांग्रेस लोकसभा व विधानसभा की तरह नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव भी हारेगी तो कांग्रेस का सियापा शुरू हो जाएगा कि हम तो पहले से ही कह रहे थे कि चुनाव आयोग ने निष्पक्ष चुनाव कराने की व्यवस्था नहीं की है। हमने मांग की थी कि रिजल्ट एक दिन 24 फरवरी को घोषित किया जाए चुनाव आयोग ने ऐसा नहीं किया और इसी वजह से कांग्रेस चुनाव हार गई है। कांग्रेस चुनाव हारती है तो अपनी सांगठनिक, रणनीतिक कमजोरी, प्रत्याशी चयन ठीक से नहीं करने व गुटबाजी के कारण हारती है। लेकिन वह दोष चुनाव आयोग तो देती है। यह उसकी आदत हो गई है और अपनी आदत के अनुसार चुनाव हारेगी तो वह ऐसा ही फिर से कहेगी।

अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

# निजी हो या सरकारी शिक्षा संस्थान शिक्षा का गुणवत्ता स्तर हो एक समान



मनुष्य के जीवन की आधारशिला उसकी शिक्षा होती है, आज के आधुनिक युग में हम सभी शिक्षा का मोल बखूबी समझते हैं। दुनिया में किसी भी क्षेत्र का सर्वोच्च स्थान हम शिक्षा की योग्यता के आधार पर हासिल कर सकते हैं। साक्षरता और उच्च शिक्षा में लगातार वृद्धि के साथ, दुनिया भर में शिक्षा प्रणाली नई ऊंचाइयों पर पहुंच गई है। देश में भी नई शिक्षा प्रक्रिया को मजबूत बनाने के लिए नित नए उपक्रमों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। तकनीकी ज्ञान, कौशल, मातृभाषा में शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। हम दिन ब दिन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली के सुदृढ़ता का बखान तो कर रहे हैं, फिर भी भारत देश से विदेश पढ़ने जानेवाले विद्यार्थियों की संख्या हर साल बढ़ती ही जा रही है। 2024 में लगभग 13, 35,878 भारतीय छात्र विदेश में पढ़ रहे थे, 2023 में 13,18,955 छात्र थे, जबकि 2022 में 9,07,404 छात्र थे। जबकि इस तुलना में हमारे देश में विदेश से आने वाले छात्रों की संख्या बेहद कम है, जो ज्यादातर छात्र विशेषकर नेपाल, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और अन्य देशों से भारत आते है। ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन की 2021-22 रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर के 170 देशों के कुल 46,878 विदेशी नागरिक/छात्र भारत में विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकित हैं। ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन के आंकड़ों के मुताबिक, 2023 में केवल 40,431 विदेशी छात्र उच्च शिक्षा के लिए भारत आए। देश के बड़े शहरों और महानगरों के कुछ निजी शिक्षा संस्थान तो पांच सितारा होटल जैसे प्रतीत होते हैं। हाल ही में मैंने देश के महँगे स्कूली शिक्षा की वार्षिक फीस की जानकारी ली थी, जिससे पता चला कि हमारे देश में कुछ निजी स्कूल की वार्षिक फीस 15-20 लाख रुपये तक भी है। देश में सम्पूर्ण शिक्षा प्रणाली सेवा सुविधाओं का अध्ययन करने पर पता चलता है की, आज भी बड़ी संख्या में विद्यार्थी जगत शिक्षा के आधारभूत सुविधाओं से वंचित है। आज भी दुर्गम भागों, पहाड़ी क्षेत्रों में स्कूली बच्चे नदी, नाले, जंगली क्षेत्र पार करके स्कूल जाते है, क्योंकि पक्की सड़क, पुल या सरकारी परिवहन की सुविधा नहीं है। बहुत से सरकारी स्कूल में कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय, खेल सामग्री, मैदान, पर्याप्त मेज कुर्सी, यांत्रिक उपकरण, बिजली, पिने का शुद्ध पानी भी नहीं है। अनेक स्कूल भवन जर्जर अवस्था में है, जिससे बहुत बार जानलेवा हादसे होने की खबरें भी देखने-सुनने को मिलती हैं। अक्सर देखा जाता है कि, काबिलियत होते हुए भी बेहतर सुख-सुविधाओं की कमी के कारण प्रतिभावान बच्चे अपने लक्ष्य से दूर रह जाते है।

राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी साझा की, कि अक्टूबर 2024 तक केंद्रीय विश्वविद्यालयों में 5,182 शिक्षण पद रिक्त हैं। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षण पदों के लिए रिक्तियों की दर 35 प्रतिशत से अधिक है, यहां तक कि आईआईटी और आईआईएम जैसे प्रमुख संस्थानों में भी शिक्षकों की कमी है, जो कुछ मामलों में 46 प्रतिशत तक है। फिलहाल पदभरती की राह देखते महाराष्ट्र राज्य के सरकारी अकृषक विश्वविद्यालयों में 1200 और महाविद्यालयों में 11000 स्वीकृत पद रिक्त हैं। दिसंबर 2023 तक, शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत में प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के सरकारी स्कूलों में 8.4 लाख शिक्षक रिक्तियां थी। 2023 के शुरुआत में एक प्रमुख दैनिक के मुताबिक, देश में लगभग 1.2 लाख स्कूल एकल शिक्षक द्वारा चलाए जाते रहे हैं। सभी भारतीय स्कूलों की तुलना में यह अनुपात 8 प्रतिशत है, यह संख्या दर्शाती है कि छात्रों की बड़ी संख्या के कारण एक ही शिक्षक पर अत्यधिक बोझ है। कर्नाटक सरकार के स्कूल शिक्षा मंत्री मधु बंगारप्पा ने 19 दिसंबर, 2024 को विधानसभा को सूचित किया कि कर्नाटक राज्य में शिक्षकों के 59,772 रिक्त पद हैं। कर्नाटक राज्य के लगभग 6,158 सरकारी स्कूलों में एक-एक शिक्षक हैं, जो 1.38 लाख छात्रों की जिम्मेदारी संभालते है। 530 स्कूलों में 358 शिक्षक है परंतु यहां कोई छात्र नहीं हैं, राज्य के सरकारी शालाओं में छात्रों के नामांकन में भी गिरावट जारी है। लगभग 142.86 करोड़ लोगों की आबादी के साथ देश की शिक्षा प्रणाली भी उतनी ही विशाल है। डेलॉइट की येएसएसई 2023 रिपोर्ट के अनुसार, शैक्षणिक वर्ष 2021-22 में, भारत में प्री-प्राइमरी स्तरों सहित स्कूल में 26.52 करोड़ छात्रों का नामांकन था। देश में औसत छात्र-शिक्षक अनुपात 23:1 है। लद्दाख जैसे कुछ केंद्र शासित प्रदेश में अनुकरणीय अनुपात 7:1 तक कम बताया है, जबकि बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश जैसे अन्य राज्यों ने क्रमशः 45:1, 33:1 और 29:1 के उच्च अनुपात की सूचना दी है, जो क्षेत्रीय असमानताओं को उजागर करता है। लगभग 7.7 प्रतिशत प्री-प्राइमरी, 4.6 प्रतिशत प्राइमरी और 3.3 प्रतिशत अपर-प्राइमरी स्कूल ऐसे शिक्षकों को नियुक्त करते हैं जो आवश्यक योग्यताएं पूरी नहीं करते हैं। निजी स्कूलों में 69 प्रतिशत शिक्षक और कई सरकारी शिक्षा संस्थानों में संविदात्मक शर्तों पर शिक्षक काम करते हैं, मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि परिणामस्वरूप, उन्हें नौकरी की सुरक्षा या वित्तीय स्थिरता नहीं मिलती है। यूनेस्को की एक रिपोर्ट के अनुसार, अधिकतर शिक्षक रिक्तियाँ ग्रामीण क्षेत्रों में केंद्रित है, जहाँ खराब बुनियादी ढांचा और मूलभूत सुविधाओं की कमी एक चुनौतीपूर्ण कार्य का वातावरण पैदा करती है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद 2021 की एक रिपोर्ट के अनुसार, सरकार द्वारा भर्ती किए गए लगभग 40 प्रतिशत शिक्षकों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण की कमी है। विश्व आर्थिक मंच 2021 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की शिक्षा की गुणवत्ता दुनिया में 90वें स्थान पर है। भारत के शिक्षा मंत्रालय 2021 के अनुसार, भारत के सभी सरकारी स्कूलों में से केवल 4.8 प्रतिशत के पास पर्याप्त बुनियादी ढांचा है, जिसमें कक्षाएँ, पुस्तकालय और कंप्यूटर लैब शामिल हैं, इसने शिक्षा के क्षेत्र में एक असमान स्तर का खेल तैयार किया है, शहरी क्षेत्रों के छात्रों के पास ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों की तुलना में बेहतर संसाधन और अवसर हैं।

देश के सरकारी शिक्षण व्यवस्था में योग्यतापूर्ण शिक्षकों के पद रिक्त होने की समस्या बहुत है, जिससे कार्यरत शिक्षकों पर अधिक भार पड़ता है, जिस कारण विद्यार्थियों के शैक्षणिक गुणवत्ता पर सबसे ज्यादा बुरा असर पड़ता है ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अभी भी बहुत दूर है, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय, आर्मी पब्लिक स्कूल जैसे शिक्षा संस्थान एक विशेष स्तर, नीति-नियम, गुणवत्ता बनाये हुए हैं, लेकिन बहुत से राज्य सरकार और स्थानीय सरकार द्वारा संचालित स्कूल बुनियादी सुविधाओं की कमी से भी जूझते नजर आते हैं। विश्व की उच्चतम शिक्षा संस्थानों के जब नाम लेते हैं तो देश के संस्थान कहीं नहीं दिखते। देश के नब्बे प्रतिशत से अधिक सरकारी कमर्चारी अपने बच्चों को निजी शिक्षा संस्थानों में ही पढ़ाने को प्राथमिकता देते है, आखिर ऐसा क्यों होता है?

कमर्चारी नौकरी सरकारी करते हैं, लेकिन सरकारी शिक्षा संस्थानों पर भरोसा न करके निजी शिक्षा संस्थानों पर यकीन किया जाता है। अगर लोगों को निजी संस्थानों पर इतना ही भरोसा है तो फिर उसके अनुरूप सरकारी शिक्षा संस्थान विकसित क्यों नहीं हो रहे हैं? क्या हो अगर सभी सरकारी अधिकारी, कमर्चारी, कमिश्नर, जनप्रतिनिधि, नेता अर्थात सरकार से वेतन पाने वाले प्रत्येक व्यक्ति अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में पढ़ाये, या फिर ऐसा नियम बन जायें तो, शायद देश के सरकारी स्कूल की स्थिति रातों रात बदल सकती है। एक समान गुणवत्ता स्तर की शिक्षा सुविधा सबको मिलेगी, शिक्षा में अमीर-गरीब जैसा कोई भेद नहीं रहेगा। बेहतर शिक्षा बेहतर जीवन का मजबूत स्तंभ कहलाते हैं। मनुष्य को कला-गुणों, कौशल, संस्कार, सुजान नागरिक में बदलने की जिम्मेदारी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की होती है। इसी के आधार पर मनुष्य जीवनयापन का बेहतर साधन चुनकर अच्छा मुकाम हासिल कर समाज, देश-दुनिया में नाम कमाते हैं, प्रत्येक मनुष्य के शिक्षा का उसकी आने वाली कई पीढ़ियों पर इसका सीधा असर पड़ता है। गरीबी के दलदल से निकलने का शिक्षा यह बेहतर मार्ग होता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रत्येक छात्र का अधिकार है, किसी भी समस्याओं या आर्थिक तंगी से यह अधिकार छीनना नहीं चाहिए।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए अपने कामों को लेकर सतर्क रहने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप किसी दूसरे पर डिपेंड ना रहें। आपके साथ कोई धोखा हो सकता है, जो लोग रोजगार को लेकर इधर-उधर भटक रहे हैं, उन्हें कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है। आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी, तो उसके आपको मिलने की पूरी संभावना है। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी को लॉग ड्राइव पर लेकर जाने की योजना बनाएंगे।

वृषभ- वृषभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में खुशियां भरपूर रहेंगी। आपको अपनी आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलने की आवश्यकता है। आपने यदि परिवार के किसी सदस्य से कोई वादा किया था, तो उसे आपको पूरा करना होगा। आपके मनमौजी स्वभाव के कारण आपकी समस्याएं बढ़ेगी। आपको कामों में थोड़ा सोच समझकर निवेश करना होगा।

मिथुन- आज के दिन आपकी इनकम बढ़ने से आपको खुशी होगी। आपका यदि कोई संपत्ति संबंधित मामला कोर्ट-कचहरी में विवादित चल रहा था, उसमें आपको जीत मिलेगी। आप अपनी सेहत पर थोड़ा ध्यान दें, क्योंकि काम के चक्कर में आप खानपान पर ध्यान थोड़ा कम देंगे। आपको कहीं जाते समय अपने कीमती सामानों की सुरक्षा अवश्य करनी होगी। यदि आप कोई साइड बिजनेस करना चाहते हैं, तो उसके लिए भी समय निकालने की पूरी कोशिश करेंगे।

कर्क- आज के दिन आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा और ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आप यदि परिवार के किसी सदस्य को करियर को लेकर कोई निर्णय ले, तो उसमें अपने पिताजी से राय अवश्य लें। आपका मन परेशान होने से इधर-उधर के कामों में ज्यादा लगेगा, जिससे आपका काम लटक सकता है। आप अपने घर के रखरखाव साफ-सफाई पर पूरा ध्यान देंगे।

सिंह- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपके मन में बड़ों के प्रति आदर और सम्मान बना रहेगा। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में रहेगा, लेकिन आपको अपने व्यवहार पर थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है, जो लोग बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत हैं, उन्हें अच्छी सफलता मिलती दिख रही है। आपको किसी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। यदि आपने धन को लेकर कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट किया, तो उसमें नुकसान हो सकता है।

कन्या- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। रचनात्मक कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेने की आवश्यकता है। संतान को तरक्की करते देख आपको खुशी होगी। विद्यार्थी किसी नए कोर्स में दाखिला ले सकते हैं। परिवार का कोई सदस्य नौकरी के लिए घर से दूर जा सकता है। यदि आपको किसी बात को लेकर कोई टेंशन थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी।

तुला- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको किसी दूर रहे परिजन की याद सता सकती है। कारोबार कर रहे लोगों को यदि कोई धन संबंधित समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। आप अपने घर के रिनोवेशन पर भी अच्छा खासा धन खर्च करेंगे। आपको वाहनों के प्रयोग से सावधानी रखने की आवश्यकता है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की हो सकती है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आप मौज-मस्ती भरे पल व्यतीत करेंगे। आपको कामों को लेकर भागदौड़ अधिक रहेगी, लेकिन आप अपने कामों को समय से आसानी से पूरा कर पाएंगे। आपकी इनकम पर सोर्स बढ़ेंगे, जो आपको खुशी देंगे। कुछ विशेष व्यक्तियों से आपको मिलने का मौका मिलेगा। आपके खर्च भी बेतहाशा बढ़ेंगे, जिसका असर आपकी इनकम पर भी पड़ेगा।

धनु- आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। शासनसत्ता का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी, तो उसके आपको मिलने की पूरी संभावना है, लेकिन आप किसी व्यक्ति से बहुत ही सोच विचारकर बोले। राजनीति में कार्यरत लोगों के मित्रों की संख्या में इजाफा होगा। आप कहीं पिकनिक आदि पर बच्चों को लेकर जाने की योजना बना सकते हैं।

मकर- आज का दिन आपके लिए उन्नति के राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। कारोबार में आपको अच्छे सफलता मिलेगी। आप किसी जमीन-जायदाद आदि में इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। आप अपने व्यक्तित्व को निखारने की पूरी कोशिश करेंगे। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आपको किसी काम को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है। आपके ऊपर जिम्मेदारियों का बोझ थोड़ा अधिक रहेगा, जिसे लेकर आप परेशान रहेंगे।

कुंभ- आज के दिन आपकी इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आप किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। यदि आपके ऊपर कुछ कर्ज था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतार सकते हैं। आपको शीघ्रता और भावुकता में कोई फैसला लेने से बचना होगा। आप कार्यक्षेत्र में किसी गलत बात के लिए हां ना करें, नहीं तो आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं। आप अपने किसी मित्र की मदद के लिए आगे आएंगे। धार्मिक कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी।

मीन- आज के दिन आपके लिए वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा। जीवनसाथी की कोई मन की इच्छा को आज पूरी हो सकती हैं। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा। संतान को भी किसी स्कॉलरशिप से संबंधित परीक्षा में सफलता हासिल होगी। आपको किसी वाद-विवाद को मिल बैठकर सुलझाने की आवश्यकता है। बिजनेस में आपको पूरा लाभ मिलेगा। आप यदि किसी यात्रा पर जा रहे हैं, तो उसमें अपने कीमती सामानों की सुरक्षा अवश्य करें।

## हिंदी के नाम पर

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त



उस दिन का महोत्सव खत्म होने के बाद, सभी मेहमान अपने-अपने घर लौट गए। कुछ ने तो सोचा, ह्वक्या हम इस महोत्सव का हिस्सा बनकर सच में कुछ सीखे हैं?ह्व लेकिन उनकी चुप्पी इस बात का सबूत थी कि महोत्सव के बहाने कहीं भी कोई समझदारी नहीं हुई। हर किसी के मन में अपनी अपनी भाषा को लेकर एक गहरी भिन्नता थी।

किस्मतचंद ने अपने समर्थकों के साथ एक कोने में चर्चा शुरू की, ह्वक्या किसी ने सोचा है कि हिंदी की असल पहचान क्या है? क्या यह सच में एक राष्ट्रीय भाषा है या सिर्फ एक राजनीतिक मुद्दा?ह्व उस पर एक समर्थक ने कहा, ह्वभाई, हम तो सिर्फ ताली बजाने आए थे। हमें तो किसी भी भाषा की पहचान से कोई फर्क नहीं पड़ता।ह्व और सबने फिर से हंसते हुए ताली बजाई।




इसी बीच, राजा मस्तान ने यह सोचते हुए कि कैसे इस महोत्सव का फायदा उठाया जाए, कहा, ह्वभाईयों, अगले महोत्सव में हमें एक और भाषा की महिमा गाना चाहिए। चलो, इसे ह्यअंग्रेजी महोत्सवह्न कहते हैं!ह्व हॉल में फिर से ठहाके गूंज उठे। लोगों को समझ में आ गया कि असल मजा तो भाषाओं की तुलना में है, न कि उन भाषाओं के महत्व में।

हिंदी महोत्सव का सारा नाटक अब एक मजाक बन गया। नेता लोग अपनी भाषाओं को राजनीति की तरह इस्तेमाल करते रहे, लेकिन वास्तविकता यह थी कि हिंदी का असली अस्तित्व कहीं खो गया था। कहीं कोई इस बात की परवाह नहीं कर रहा था कि आखिर में भाषाओं का क्या होगा।दूसरी ओर, मंच पर काव्यशास्त्री कांतिप्रकाश ने अपनी कविता में लिखा, ह्वभाषाएं तो बागीचे के फूल हैं, लेकिन इनका सही महत्व समझने वाला कोई नहीं!ह्व लोग फिर से ताली बजाने लगे, लेकिन किसी ने इस कविता के असली अर्थ पर ध्यान नहीं दिया।

इस प्रकार, हिंदी महोत्सव का यह आयोजन एक बड़ा मजाक बनकर रह गया। सभी ने अपनी-अपनी भाषा को एक झंडा समझकर उठाया, लेकिन असली मुद्दा एक बार फिर से अनदेखा रह गया।

जब महोत्सव समाप्त हुआ, तो सबने सोचा कि अब वे अपनी-अपनी भाषाओं की महिमा गाएंगे, लेकिन वास्तविकता यह थी कि वे सब केवल एक महोत्सव का हिस्सा थे। अंत में, सभी ने एक दूसरे से पूछा, ह्वभाई, अगला महोत्सव कब है?ह्व और इस पर सबने एक-दूसरे से वादा किया कि अगली बार वे और भी जोर से ताली बजाएंगे, ताकि उनकी भाषा की महिमा और भी चकाचौंध हो सके।इस पूरे दृश्य ने फिर से यह साबित किया कि भाषा का अस्तित्व कभी-कभी केवल एक राजनीतिक हथियार बनकर रह जाता है। और इस तरह, हिंदी महोत्सव का यह आयोजन अपनी ही राजनीति के जाल में उलझकर रह गया।

तो इस प्रकार, हिंदी महोत्सव का यह आयोजन सच्चाई और मृगतृष्णा के बीच एक चिरस्थायी नाटक बना रहा। हर कोई अपनी-अपनी बातें करता रहा, लेकिन किसी ने भी सच्चाई को समझने की कोशिश नहीं की। हिंदी की महिमा के नाम पर सब ताली बजाते रहे, और यह आयोजन फिर से एक और साल के लिए इतिहास में दर्ज हो गया।इस प्रकार, एक साधारण भाषा महोत्सव ने हमें यह सिखाया कि भाषाएं केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि राजनीति का भी बड़ा अस्तित्व हैं। और हिंदी महोत्सव ने एक नई भाषा की पहचान बनाई, जो शायद एक बार फिर से जश्न का कारण बनेगी, लेकिन सच्चाई हमेशा अधूरी ही रहेगी।

## समस्या

# देश में प्रतिबंधित क्यों नहीं हो रही जानलेवा 'चाईना डोर'

निर्मल रानी



विश्व के सबसे बड़े बाजार के रूप में अपनी पहचान रखने वाले भारत में चीन जैसे पड़ोसी देश के अनगिनत उत्पाद पटे पड़े हैं। शायद ही कोई क्षेत्र ऐसा हो जिससे संबंधित सामग्री चीन निर्मित न कर रहा हो और भारत सहित पूरी दुनिया को उनकी आपूर्ति न कर रहा हो। छोटी से छोटी मामूली चीजों से लेकर बड़ी से बड़ी और भारी से भारी वस्तुएं चीन द्वारा निर्मित कर भारत भेजी जा रही हैं। मिसाल के तौर पर जहाँ चीन निर्मित मोबाईल फोन लैपटॉप व कंप्यूटर आदि भारतीय बाजार में भरे पड़े हैं वहीँ चाईना की रंग बिरंगी लाईट्स दीपावली,नववर्ष जैसे अनेक अवसरों पर पूरे देश में अपनी रंगबिरंगी छटायें बिखेरती हैं। सजावट,मशीनरी,कांच,पत्थर,प्लास्टिक,खिलौना,कपड़ा, बर्तन,क्रॉकरी,फर्नीचर,हार्डवेयर,आतिशबाजी,धार्मिक सामग्री, देवी देवताओं भगवानों के चित्र,फोटो फ्रेम,नजर बट्टू,कंठी माला टोपी तस्बीह मुसल्ला मेडिकल व सर्जिकल सामग्री जैसी तमाम क्षेत्रों से सम्बंधित सामग्रियों का निर्माण व इनकी आपूर्ति चीन द्वारा भारत सहित पूरे विश्व में की जाती है। इन्हीं चीन निर्मित सामग्रियों में कुछ सामग्री ऐसी भी हैं जिनका इस्तेमाल करना लोगों की जान से खिलवाड़ करने जैसा है। ऐसी ही मनोरंजन से जुड़ी एक सामग्री है 'चाईना डोर '।

'चाईना डोर ' का प्रयोग पतंगबाजी में किया जाता है। और भारत पूरे विश्व में पतंगबाजी के लिये प्रसिद्ध है। वसंत पंचमी जैसे अनेक त्योहारों पर तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर और इसके अलावा छुट्टियों के दिनों में तमाम लोग अपने फुर्सत के लम्हे पतंगबाजी कर बिताना चाहते हैं। चीन जहाँ भारत को तरह तरह की रंग बिरंगी छोटी बड़ी पतंगें निर्यात करता है वहीँ पतंग उड़ने में प्रयोग किया जाने वाला डोर /मांझा भी चीन से ही आता है। दरअसल पतंगबाजी में प्रयुक्त मांझा जो भारत में भी बनता है उसमें भी कुशाग्रता अथवा धार पैदा करने के लिये उसमें पिसे हुये कांच का पाउडर मिलाया जाता है। और भारत में चाईना डोर के आने की शुरूआत से पहले भी पतंग उड़ाने वाले मांझे में उलझकर अनेक लोग जख़्मी हो जाते थे। परन्तु आखिरकार वह भारतीय मांझा टूट जाया करता था। लेकिन जबसे भारतीय बाजार में चाइनीज मांझों ने अपनी दस्तक दी है तब से तो पतंगबाजी मनोरंजन से अधिक दहशत भरे व जानलेवा मनोरंजन के रूप में जाना जाने लगा है। हालत यह हो गयी है कि शायद ही कोई दिन ऐसा होता हो जिस दिन देश के किसी न किसी कोने से चाईना डोर के चलते होने वाले हादसों की खबरें न आती हों। दरअसल चाईना डोर में प्रयुक्त धागा किसी ऐसी सामग्री का बना हुआ तेज धार वाला धागा है जो किसी व्यक्ति,वाहन पशु पक्षी से उलझने के बावजूद खिंचने पर आसानी से टूटता नहीं।



पिछले दिनों हद तो यह हो गयी कि 14 जनवरी को मकर संक्रांति के दिन ही अकेले गुजरात में ही 6 लोग पतंगबाजी में मर गये। आश्चर्य तो यह कि स्वयं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मकर संक्रांति के अवसर पर उसी दिन गुजरात में ही स्थानीय लोगों के साथ पतंग उड़ाने का आनंद लिया। उन्होंने उत्तरायण पर्व (मकर संक्रांति) के अवसर पर शहर के मेमनगर इलाके में शांतिनिकेतन अपार्टमेंट की छत पर पतंग उड़ाई। पूरे देश में उसी दिन चाईना डोर से अनेक लोगों की मौत हो गयी। इसका तीखापन,धार व मजबूती ऐसी है कि आजके दौर में दुपहिया व चारपहिया वाहनों में इस्तेमाल होने वाले फाईबर या प्लास्टिक के बने बम्पर,लेग गॉर्ड अथवा अन्य एसेसरीज को भी यह काट देता है। जाहिर है ऐसे में प्राणियों का बचने का सवाल ही नहीं है। उदाहरणार्थ गत दिनों लुधियाना में एक मोर के गले में यही प्लास्टिक टाइप चाइना डोर फँस गयी जिससे उसकी मौत हो गयी। समाचार यह भी है कि यह मांझा सुचालक होता है जिसके कारण इसमें करेंट प्रवाहित हो जाता है। चाईना डोर से करंट लगने से भी कई मौतें हो चुकी हैं। गले,कलाई और हाथों की नस कटना और अत्यधिक रक्त प्रवाह के चलते मौत होने की तो अनेकानेक घटनाएं घटित हो चुकी हैं।

पिछले दिनों अमृतसर व जालंधर में एक ही दिन में घटी दो अलग अलग घटनाओं में 19 वर्षीय पवनदीप व 45 वर्षीय की मौत हो गयी। इन दोनों की मौत चाईना डोर से गले में सांस की नस कट जाने के कारण हुई। इस मामले में दोनों ही जगह पुलिस द्वारा कुछ अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकददमा दर्ज किया गया है। सवाल यह है कि किस पर चलना चाहिये हत्या का मुकद्दमा? इस तरह के हादसों का जिम्मेदार कौन हो सकता है ? ऐसी खतरनाक सामग्री बेचने वाला ? इसे खरीद कर इस्तेमाल करने वाला ? या फिर इसका निर्माण व आपूर्ति करने वाला ? कोई भी हो परन्तु कम से कम इस से उलझकर अपनी जान गंवाने वाला बेगुनाह तो हरगिज नहीं हो सकता ? चाईना डोर /मांझे से कटकर जान गंवाने की खबरें दशकों से हमारे देश के अखबारों में सुर्खियों में रहती हैं। अब तो यह जानलेवा मांझा दुकानों के अलावा ऑन लाइन भी उपलब्ध है। परन्तु सरकार की तरफ से इस दिशा में कोई कदम उठाने का कोई समाचार नहीं है। जनता को उसके हाल पर छोड़ने की यह कुछ ऐसी ही मिसाल है जैसे कि कहीं मेनहोल का ढक्कन खुला पड़ा है या सड़कों पर गड्ढे हैं तो उसके चलते होने वाले किसी भी हादसे या मौत की जिम्मेदारी सरकार की नहीं होती बल्कि मरने या घायल होने वाला ही अपनी गलती सहर्ष स्वीकार कर या तो यमराज के हमराह चला जाता है या अस्पतालों के चक्कर लगता रहता है और लाखों रुपए के चक्कर में पड़ जाता है। परन्तु सरकार को केवल अपने रोड टैक्स और कमेटी टैक्स से ही वास्ता है। हाँ यदि आपसे टैक्स भरने में देर हो गयी तो जुरमाना वसूलना जरूर सरकार का काम है,सड़कों गड्ढों मेनहोल आदि को दुरुस्त व सुचारु रखना हरगिज नहीं ? सरकार को चाहिये कि आम लोगों की जान से खिलवाड़ करने वाली ऐसी जानलेवा सामग्रियों को तत्काल रूप से प्रतिबंधित करे। ऐसी सामग्रियों पर लगने वाले सीमा शुल्क अथवा जी एस टी से अधिक जरूरी है आम लोगों की जान सुरक्षित करना। पशु पक्षियों की जान बचाने की कोशिश करना तथा चाईना डोर /मांझे के चलते होने वाली दुर्घटनाओं को टालना। इसलिये सरकार को तत्काल प्रभाव से देश में चाईना डोर /मांझे के आयात को प्रतिबंधित कर देना चाहिये। आश्चर्य है कि इतनी मौतों व दुर्घटनाओं के बावजूद अभी तक जानलेवा 'चाईना डोर' प्रतिबंधित क्यों नहीं हो रही है ?

## एक नजर

### जिला प्रशासन द्वारा कथित समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार का किया गया खंडन

**दंतेवाड़ा, 24 जनवरी।** जिला प्रशासन द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार विगत दिवस 22 जनवरी को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2024-25 में अनुसूचित क्षेत्र (दन्तेवाड़ा जिला) में आदिवासी महिला के गैर आदिवासी समाज में विवाह उपरांत आदिवासी आरक्षित सीट पर चुनाव लड़ने पर रोक लगाने संबंधी पत्र कथित समाचार पत्रों में प्रकाशित तथा साथ ही सोशल मीडिया में भी वायरल किया गया था। इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा प्रसारित ''चुनाव लड़ने पर रोक लगाने के संबंधी'' संदर्भित आदेश का खंडन किया जाता है। साथ ही यह स्पष्ट किया जाता है कि इस संबंध में किसी भी प्रकार का पत्र राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नहीं हुआ है। इसके अलावा इस त्रुटिपूर्ण पत्र के संबंध में तहसीलदार कटेकल्याण को कारण बताओ नोटिस जारी कर जारी उक्त पत्र को संबंधित अधिकारी द्वारा निरस्त कर दिया गया है।

### सहायक शिक्षक निलंबित

**उत्तर बस्तर कांकेर, 24 जनवरी।** जिले के दुर्गुकोंदल विकासखण्ड की शासकीय प्राथमिक शाला पलाचूर के सहायक शिक्षक एल.बी श्री राम कुमार कोमरे को जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन आदेश में कहा गया है कि उक्त सहायक शिक्षक द्वारा शराब का सेवन कर स्कूल प्रांगण में ही सोने का वीडियो वायरल होने एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी दुर्गुकोंदल से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर प्रकरण की पुष्टि होने के फलस्वरूप सहायक शिक्षक श्री कोमरे उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम (23) के विपरीत पाये जाने के कारण उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी कोयलीबेड़ा नियत किया गया है।

### नाम निर्देशन के दूसरे दिन नगरपालिका कांकेर के लिए 8 ने खरीदे आवेदन

**उत्तर बस्तर कांकेर, 24 जनवरी।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 हेतु नाम निर्देशन पत्र का वितरण प्रारंभ हो गया है। आज दूसरे दिवस नगरपालिका परिषद कांकेर के लिए आठ सम्भावित अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र पार्षद पद हेतु खरीदे। उल्लेखनीय है कि नगरपालिका आम निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन के पत्र का विक्रय 22 जनवरी से प्रारंभ हो गया है, नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 28 जनवरी, नाम निर्देशन पत्र की संवीक्षा 29 जनवरी तथा नाम वापसी की तिथि 31 जनवरी दोपहर 03 बजे तक, मतदान तिथि 11 फरवरी और मतगणना 15 फरवरी को होना तय है। नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त करने के लिए सुबह 10 से सायं 5.30 बजे तथा 03 बजे तक नाम-निर्देशन पत्र जमा कर सकते हैं। इसी तरह जिले की नगर पंचायत चारामा, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और पखांजूर में भी नाम-निर्देशन पत्र के विक्रय एवं भरे हुए प्रपत्र को प्राप्त की प्रक्रिया जारी है।

### कृषि में प्रौद्योगिकी एवं नवाचारों के उपयोग से होगी नई क्रांति - डॉ. चंदेल

**रायपुर,24 जनवरी।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के 39वें स्थापना दिवस के अवसर कल 20 से 22 जनवरी 2025 तक इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर एवं राष्ट्रीय कृषि विकास सहकारी लिमिटेड, बरामूला (जम्मू-कश्मीर) के संयुक्त तत्वावधान में ''कृषि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक अनुसंधान पहल'' विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आज समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल उपस्थित थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय कृषि विकास सहकारी लिमिटेड, बरामूला (जम्मू-कश्मीर) के सम्मेलन समन्वयक डॉ. आर.ए. शाह, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी, संचालक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉ. राजेन्द्र लाकपाले एवं कृषि महाविद्यालय, रायपुर के अधिष्ठाता डॉ. जी.के. दास विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समापन समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा कि राष्ट्रीय कृषि विकास सहकारी लिमिटेड, बरामूला के संयुक्त तत्वावधान में हाइब्रिड मोड में आयोजित इस तीन दिवसीय अंतराष्ट्रीय सम्मेलन में काफी अच्छे शोध पत्र प्रस्तुत किये गये। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में टेक्नोलॉजी का उपयोग दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है जिसके कारण आने वाले समय में हाइब्रिड मोड पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। विद्यार्थियों को इस तरह के आयोजनों में अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने शोधार्थियों से आव्हान किया कि वे अनुसंधान कार्य में नवाचार के उपयोग पर अधिक ध्यान दें। डॉ. चंदेल ने कहा कि राष्ट्रीय कृषि विकास सहकारी लिमिटेड सहकारिता के क्षेत्र में काफी अच्छा कार्य कर रही है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस आयोजन के सार्थक परिणाम प्राप्त होंगे। डॉ. चंदेल ने सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर तथा राष्ट्रीय कृषि विकास सहकारी लिमिटेड, बरामूला के वैज्ञानिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।


### नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तहत सम्पत्ति विरूपण अधिनियम प्रभावशील

**जगदलपुर, 24 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 की घोषणा किये जाने के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के दौरान सभी अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिए शासकीय एवं अशासकीय भवनों पर नारे लिखे जाते हैं बैनर और पोस्टर लगाये जाते हैं तथा विद्युत एवं टेलीफोन के खम्भों पर चुनाव प्रचार से संबंधित झंडियां लगाई जाती है, जिसके कारण शासकीय एवं अशासकीय संपत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 की धारा-3 में यह स्पष्ट उल्लेख है कि कोई भी व्यक्ति जो सम्पत्ति के स्वामी की लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक दृष्टि में आने वाली किसी संपत्ति को स्याही, खड़ियां रंग या किसी अन्य पदार्थ से लिख कर या चिन्हित करके उसे विरूपित करेगा।

# कलेक्टर-एसपी ने अंतिम फुल ड्रेस परेड रिहर्सल का किया निरीक्षण

## गणतंत्र दिवस के सांस्कृतिक कार्यक्रमों को दिया अंतिम रूप, हायर सेकेंडरी स्कूल खेल मैदान में होगा आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 24 जनवरी ।** देश के 76वें गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में आयोजित होने वाले परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आज अंतिम फूल ड्रेस रिहर्सल किया गया। जिसमें जिला कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं पुलिस अधीक्षक गौरव राय शामिल हुए एवं परेड की सलामी ली तथा आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अवलोकन कर उन्हें अंतिम रूप प्रदान किया। इस दौरान कलेक्टर ने मुख्य समारोह हेतु की जा रहीं तैयारियों का भी जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

गौरतलब है कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह नगर के हायर सेकण्डरी स्कूल के खेल मैदान में प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा। इस मुख्य समारोह में प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मंत्री एवं दंतेवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। मुख्य समारोह में आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य कमांडर उप पुलिस अधीक्षक जीतेंद्र कुम्भकार व टू.आई.सी.इंस्पेक्टर संजय यादव, के नेतृत्व में सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ आर्म्स फोर्स, जिला बल (बस्तर फाईटर्स) महिला/पुरूष, होम गार्ड, नगर सैनिक, एनसीसी, पीजी कालेज के सिनियर डिविजन छात्र, स्काउट गाइड के जवान समेत कुल 14 दल आस्था विद्या मंदिर जावंगा की बैण्ड पार्टी के देशभक्ति धुनों पर कदम से कदम मिलाते हुए आर्कषक मार्च पास्ट का प्रदर्शन करेगें। इसके अलावा 8 स्कूलों के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए जाएंगे। हर वर्ष की भांति इस बार भी विभिन्न विभागों की झांकी निकाली जाएगी। मुख्य आकर्षण में सक्षम विद्यालय आस्था के प्रशिक्षित छात्रों द्वारा बेहतरीन हार्स राईडिंग की प्रस्तुति भी परेड मैदान में की जाएगी तो वहीं नारायणपुर के युवाओं द्वारा मलखम का प्रदर्शन किया जाएगा। गणतंत्र दिवस परेड की अंतिम रिहर्सल के दौरान अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, एसडीएम विवेक चंद्रा, सीईओ जिला पंचायत जयंत नाहटा, डीआईजी कमलोचन कश्यप, उप पुलिस अधीक्षक नसार उल्ला सिद्धकी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर के बर्मन, स्मृतिक राजनाला, उप पुलिस अधीक्षक कल्पना वर्मा, डिप्टी कलेक्टर, मूलचंद चोपड़ा, लोकांश ऐलमा, सहायक आयुक्त के.एस. मशराम, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग शिवलाल ठाकुर, सहायक खाद्य अधिकारी योगेश मिश्रा, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक संतोष टोप्पो, लोक स्वा0यां0विभाग के कार्यपालन यंत्री निखिल कंवर, जिला शिक्षा अधिकारी एस.के.अंबास्ता एवं अधिकारीगण सहित सभी शैक्षणिक संस्थाओं के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# नगर पालिका आम निर्वाचन: नाम निर्देशन पत्र प्राप्त के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 24 जनवरी।** नगर पालिका आम निर्वाचन 2025 हेतु नाम निर्देशन प्रक्रिया के संबंध में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के भू-तल सभा कक्ष में रिटर्निंग आफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं अधिकारी, कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर्स श्री आलोक सोनवाने एवं श्री माधव राव रेड्डी के द्वारा प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। प्रशिक्षण में नाम निर्देशन की विस्तृत व्याख्या करते हुए बताया गया कि इसका अर्थ पूर्व निर्धारित योग्यता रखने वाले निर्वाचित होने के इच्छुक नागरिकों से आवेदन प्राप्त करना, उनकी संवीक्षा और सब कुछ सही पाये जाने पर निर्वाचन प्रक्रिया में अभ्यर्थी होने की अनुमति प्रदान करना है। इस नगर पालिका आम निर्वाचन-2025 में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नाम निर्देशन पत्र दिनांक 22 जनवरी 2025 से दिनांक 28 जनवरी 2025 तक प्राप्त करने एवं नाम वापसी दिनांक 31 जनवरी 2025 तक निर्धारित किया गया है।

प्रशिक्षण में जानकारी दी गई कि किसी निकाय में वार्डो की संख्या अधिक होने पर 8-10 वार्डो के क्लस्टर बना कर भी नाम निर्देशन पत्र लिए जा सकते हैं। ऐसे क्लस्टर्स में सहायक रिटर्निंग अधिकारी नाम निर्देशन पत्र ले सकते है। नाम निर्देशन का समय हर दिन (अवकाश के दिनों को छोड़कर) प्रातः 10.30 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। कोषालय बंद रहने का दिवस भी अवकाश के अर्थ में लिया जाएगा। किसी नगरीय निकाय के लिए अध्यक्ष तथा वार्ड पार्षद के लिए नाम निर्देशन पत्र लिए जायेगें। इच्छुक प्रत्याशी स्वयं अथवा अपने प्रस्तावक के माध्यम से अपना नाम निर्देशन प्रारूप 3 को सही-सही भर कर देगें। नाम निर्देशन पत्र पर एक प्रस्तावक का नाम तथा हस्ताक्षर और अभ्यर्थी की अभिस्वीकृति के रूप में उसके हस्ताक्षर अनिवार्य रहेगें।

प्रत्येक इच्छुक अभ्यर्थी को अपने नाम निर्देशन पत्र के साथ प्रारूप 3-क में शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। यह शपथ पत्र भी दो प्रतियों में ही प्रस्तुत किया जावेगा। शपथ पत्र प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट अथवा नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित होगा। इसके साथ ही परिशिष्ट 13 में उद्धृत प्रारूप में इच्छुक अभ्यर्थी निर्वाचन संबंधी अभिलेखों में लिखे जाने वाले अपने नाम को हिन्दी और अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में लिख कर देगें। इसके साथ ही इच्छुक अभ्यर्थी नाम निर्देशन पत्र के साथ निक्षेप राशि जमा कर सकते है, अगर पहले भुगतान कर चुके है तो उसकी रसीद जमा करेगें। इसके अलावा अभ्यर्थी अपने तीन नवीनतम पासपोर्ट आकार के फोटो साथ में संलग्न करेगें। फोटो 03 माह से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए। फोटो का बैकग्राउंड सफेद होना चाहिए। किसी गणवेश वर्दी में फोटो पूरी तरह वर्जित होगा साथ ही टोपी, रंगीन काला चश्मा धारण करने वाले फोटो अमान्य होंगे। नगर पालिका अध्यक्ष हेतु निक्षेप राशि 15,000, नगर पालिका पार्षद हेतु निक्षेप राशि 3,000 एवं नगर पंचायत अध्यक्ष हेतु निक्षेप राशि 10,000 नगर पंचायत पार्षद हेतु निक्षेप राशि 1,000 निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी के महिला होने या अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति में से किसी भी एक के होने पर निक्षेप राशि निर्धारित की आधी हो जायेगी।

महिला से भिन्न श्रेणी के होने पर इच्छुक अभ्यर्थी को अपनी जाति का स्पष्ट उल्लेख करना अनिवार्य है। यदि कोई व्यक्ति एक ही स्थान और पद के लिए एक से अधिक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत कर रहा हो तो उससे एक ही बार निक्षेप राशि ली जावेगी। किसी भी व्यक्ति को निर्वाचन में अभ्यर्थी बनने के लिए उस नगरीय निकाय मे मतदाता होना अनिवार्य है।

# त्रिस्तरीय पंचायतों हेतु नाम निर्देशन पत्र प्राप्त के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 24 जनवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 हेतु पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य नामनिर्देशन प्रक्रिया के संबंध में संयुक्त जिला कार्यालय के भू-तल सभा कक्ष में रिटर्निंग आफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर जिला, एवं जनपद पंचायत दंतेवाड़ा, गीदम, कटेकल्याण, कुआकोंडा के समस्त मास्टर ट्रेनर्स को श्री आलोक सोनवाने एवं श्री माधव राव रेड्डी (मुख्य मास्टर ट्रेनर्स) के द्वारा प्रशिक्षण प्रदाय किया गया।

सर्वप्रथम प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बताया गया कि दिनांक 27 जनवरी 2025 से दिनांक 03 फरवरी 2025 तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया जा सकता है। नाम निर्देशन का समय हर दिन (अवकाश के दिनों को छोड़कर) प्रातः 10.30 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। अवकाश के दिन का अर्थ कोषालय बंद रहने के अभिप्राय में लिया जाएगा। इसके तहत सदस्य, जिला पंचायत (जिला मुख्यालय) हेतु नाम निर्देशन का प्रारूप 4-घ, शपथ पत्र का प्रारूप 4-घ-एक एवं निक्षेप राशि 4,000 रू. निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार सदस्य, जनपद पंचायत (खण्ड मुख्यालय) हेतु नाम निर्देशन का प्रारूप 4-ग, शपथ पत्र का प्रारूप 4-ग-एक एवं निक्षेप राशि 2,000 रूपये, सरपंच (खण्ड मुख्यालय क्लस्टर केन्द्र) हेतु नाम निर्देशन का प्रारूप 4-ख, शपथ पत्र का प्रारूप 4-ख-एक एवं निक्षेप राशि 1,000रूपये, एवं पंच (खण्ड मुख्यालय क्लस्टर केन्द्र) हेतु नाम निर्देशन का प्रारूप 4-क एवं निक्षेप राशि 50 रू. होगा। ''पंच'' प्रत्याशियों के लिए शपथ पत्र की आवश्यकता नहीं होगी। नगरीय निकायों की ही तरह निक्षेप राशि में महिलाओं तथा अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आवेदकों के लिए आधी राशि देय होगी। प्रत्येक अभ्यर्थी को चुनाव चिन्ह क्रम के आधार पर मिलेंगे। नाम निर्देशन पत्र के साथ जाति प्रमाण पत्र अपेक्षित नहीं है। संवीक्षा के समय आपत्ति आने पर दोनो पक्षों से साक्ष्य और तर्क लिए जा सकते है। जिला पंचायत सदस्य पद को छोड़कर सभी संवीक्षा खण्ड स्तर पर ही होगा। यदि संवीक्षा के बाद किसी निर्वाचन के लिए केवल एक ही अभ्यर्थी बच जाए तो समस्त अभिलेखों के साथ तत्काल पूरा प्रकरण वरिष्ठ स्तर पर समीक्षा के लिए भेजा जाएगा।

### नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत हेतु नियंत्रण कक्ष स्थापित

**उत्तर बस्तर कांकेर,24 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के पश्चात जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार के शिकायत एवं समस्या के निराकरण हेतु जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नम्बर 07868-241126 है। नगरीय निकाय के लिए रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है तथा त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु नाम निर्देशन की प्रक्रिया आगामी 27 जनवरी से प्रारंभ होगी।

### जनता के सपनो का घोषणा पत्र जारी करेगी भाजपा ,जनता से मांगे सुझाव

**रायपुर 24 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी ने नगरीय निकाय चुनावों की घोषणा पत्र को लेकर बुधवार को भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में पत्रकार वार्ता आहूत की। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए नगरीय निकाय चुनावों की घोषणा पत्र समिति के संयोजक अमर अग्रवाल ने कहा कि नगरीय निकायों में इस बार जनता से लिए गए सुझाव के आधार पर भाजपा अपना घोषणा पत्र जारी करेगी। इसके लिए उन्होंने what-sapp नंबर 9111014400 से, क्यूआर कोड को स्कैन करके और ई-मेल mor-sujhav@bjpcg.com अर्थात मोर सुझाव ऐट जी मेल डॉट कॉम के माध्यम से सुझाव मांगे है। घोषणा पत्र समिति के संयोजक अमर अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में फिर से चुनाव का शंखनाद हो गया है। प्रदेश का यह चुनाव मूलतः उस विश्वास का जनादेश में बदलने के लिए हैं, जो विश्वास हमने अपने पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में हासिल की है। हमने पिछले महीने ही जनादेश परब में विश्वास का एक वर्ष पूर्ण किया है। इस वर्ष को विष्णुदेव सायजी की सरकार ने अटल निर्माण वर्ष घोषित किया है। आप जानते ही हैं कि यह वर्ष प्रदेश निर्माता अटलजी की शताब्दी वर्ष भी है। घोषणा पत्र समिति के संयोजक अमर अग्रवाल ने कहा कि निस्संदेह अटल निर्माण वर्ष के अधोसंरचना के क्षेत्र के अधिकाधिक कार्य करेगी और इसका सबसे बड़ा लाभ हमारे नगरीय निकायों को मिलेगा। भाजपा ने अपने मंत्र हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे के साथ राज्य में विकास का नया अध्याय लिखा है।

### अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति का ऋण अदा नहीं करने वाले नगरीय निकाय एवं पंचायत निर्वाचन हेतु नहीं बन सकेंगे अभ्यर्थी

**जगदलपुर, 24 जनवरी।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति जगदलपुर द्वारा राष्ट्रीय निगम की विभिन्न योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं सफाई कामगार वर्ग के हितग्राहियों को स्वरोजगार स्थापित कर आय संवर्धन करने हेतु कम ब्याज दर पर ऋण प्रदाय किया गया है, किंतु अनेक हितग्रहियों द्वारा उक्त वितरित ऋण से पर्याप्त आय अर्जित करने तथा ऋण राशि कालातीत होने के पश्चात भी ऋण राशि को जमा करने में रूचि नहीं लिया जा रहा है। अतएव सभी वर्गों के हितग्राहियों से ली गई ऋण राशि को नियमित रूप से अदा करने की अपील की गई है। ऋण आदायगी में लापरवाही करने वाले हितग्राहियों एवं जमानतदारों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में स्थानीय नगरीय निकाय निर्वाचन एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन संपन्न होना है। जो हितग्राही नगर निकाय और पंचायत निर्वाचन लड़ने के इच्छुक हैं, उनके लिए ऋण वसूली की प्रक्रिया को और अधिक सख्त किया गया है। ऐसे हितग्राही को निर्वाचन नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले विभाग से ऋण मुक्त प्रमाण पत्र एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा। ऋण अदायगी नहीं करने पर सम्बन्धित का नामांकन रदद् किया जावेगा। वहीं जो हितग्राही जानबूझकर ऋण राशि जमा नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। इसमें आरआरसी के तहत बंधक जमीन की कुर्की एवं नीलामी तथा पोस्ट-डेटेड चेक पर धारा 138 के तहत न्यायालय में केस दर्ज करने की प्रक्रिया शामिल की जा रही है।

## जिला मुख्यालय स्थित श्री राम मंदिर में भजन कीर्तन एवं हनुमान चालीसा का किया पाठ

# सुकमा में श्री रामलला प्राणप्रतिष्ठा वर्षगांठ महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 24 जनवरी।** 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ महोत्सव पूर्ण होने श्रद्धालु जनों के द्वारा सुकमा जिला मुख्यालय स्थित श्री राम मंदिर में भजन कीर्तन एवं आरती के साथ राम महोत्सव मनाया गया।

बुधवार शाम को सर्व हिंदू समाज के द्वारा जिला मुख्यालय स्थित श्री राम मंदिर में सुबह से ही मंदिर को साज-सज्जा एवं लाइटिंग के साथ ही पूरी तैयारी की गई। शाम को भजन कीर्तन का आयोजन किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं इस दौरान भगवान श्री राम की आरती एवं हनुमान चालीसा पाठ किया गया। अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की 1 वर्ष पूरे होने पर असर हिंदू समाज में काफी उत्साह का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही सोशल मीडिया के माध्यम से लोग एक दूसरे को बधाइयां देने के साथ-साथ शाम को मंदिर पहुंचकर भजन कीर्तन में शामिल हुए, साथ ही इस दौरान भक्ति में माहौल का वातावरण देखने को मिला। दौरान गुप्तेश्वर गंगवेर, जेठराम साहू, माना यादव, अनिल तिवारी, ई.भारती, सत्यभामा, ई.सरिता, गोल्डी जैन, धनेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन शामिल थे।

### श्रीराम जय राम जय जय राम संकीर्तन

अनिल तिवारी ने बताया कि सर्व हिंदू समाज के द्वारा 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान श्री राम मंदिर में श्रीराम जय राम जय जय राम संकीर्तन, भजन कीर्तन एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उन्होंने बताया कि प्रथम वर्षगांठ का महोत्सव में श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर थे, शाम को भव्य आरती के साथ सम्पन्न किया गया।

### भक्ति मय माहौल पूरा वातावरण हुआ सराबोर

श्रीमती ई.सरिता ने बताया कि अयोध्या में भगवान श्री रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ महोत्सव तैयारी में महिलाओं के श्रीराम मंदिर में शामिल भी शामिल हुई। सभी श्रद्धालु जनों ने मिलकर रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर श्रीराम मंदिर में भजन कीर्तन एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उन्होंने बताया भक्ति मय माहौल पूरा वातावरण से सराबोर हो गया था।

## समाचार संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री जगदलपुर के लालबाग में गणतंत्र दिवस में करेंगे ध्वजारोहण



**जगदलपुर, 24 जनवरी।** उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा गणतंत्र दिवस के अवसर पर जगदलपुर के लालबाग में ध्वजारोहण करेंगे। गणतंत्र दिवस की तैयारियों का अंतिम रिहर्सल शुक्रवार को किया गया। मुख्य अतिथि की भूमिका में अपर कलेक्टर श्री सी पी बघेल रहे, उन्होंने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर कलेक्टर श्री हरिस एस , पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिंहा एवं जिला व पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने तैयारी के संबंध में कमीबेशी को समय से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस वर्ष परेड की कमान डीएसपी प्रवीण भारती कर रहे है।जो 15 टुकड़ी को कमांड करते हुए मार्चपास्ट करेंगे। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दिया जाएगा और विभागों के शासकीय योजनाओं से सम्बंधित झाँकी का प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक प्रस्तुति को अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया। गणतंत्र दिवस की अंतिम रिहर्सल के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस (25 जनवरी) की मतदान करने की शपथ ली गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस एस ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों, स्कूली बच्चों को मतदान कर लोकतंत्र के पर्व सहभागिता निभाने की शपथ दिलवाई।

### राष्ट्रीय मंच पर सरोज ने सुनाई अपने जनजातीय समुदाय के विकास की गाथा

**धमतरी 24 जनवरी।** विशेष पिछड़ी जनजाति कही जाने वाले धमतरी की कमार जनजाति की पहुंच अब दिल्ली तक हो गई है। पहली बार इस जनजाति के श्री सरोज नेताम ने भारत मण्डपम में आयोजित प्रधानमंत्री जनमन कॉन्क्लेव में अपने जनजातीय समुदाय के विकास की गाथा सुनाई। कमार जनजाति के सामाजिक-आर्थिक सहित सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे कामों का प्रजेंन्टेशन भी देशभर के आईएएस अधिकारियों और कलेक्टरों के समक्ष प्रस्तुत किया। श्री नेताम ने कमार जनजाति के सदस्यों के आगे बढ़ने में आने वाली बाधाओं- परेशानियों को कॉन्क्लेव में सभी के साथ साझा किया और इन चुनौतियों से निपटने के लिए जनमन योजना द्वारा मिले लाभ के बारे में भी सभी को बताया। धमतरी जिले में 130 बसाहटों में 7 हजार से अधिक कमार जनजाति के लोग निवास करते हैं। एक हजार आठ सौ परिवारों का यह कुनबा दूरस्थ वनांचलों के अलग-अलग इलाकों में बिखरा पड़ा है। जनमन योजना से शिक्षा, स्वास्थ्य, सबको घर, खेती-किसानी की सुविधाएं, शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए जरूरी दस्तावेज बनाने से लेकर हितग्राही मूलक योजनाओं को इन तक पहुंचाकर विशेष पिछड़ी जनजाति को विकास की मुख्य धारा में जोड़ने की पहल धमतरी जिले में साकार से हो पाई है। इन योजनाओं को कमार जनजाति के लोगों तक पहुंचाने में खुद सरोज कुमार नेताम का विशेष योगदान रहा है और वे अब अपनी जनजाति के लिए ''जनमन मिते, जमाय चो हिते,'' के रूप में स्थापित हो गए हैं। जनमन पैकेज से बदला माहौल, हमारी चिंता करने के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को धन्यवादः- नई दिल्ली के भारत मण्डपम में आयोजित कॉन्क्लेव में देशभर के प्रशासनिक अधिकारियों को अपने जनजातीय समुदाय की विकास गाथा बताते हुए कमार समाज के प्रमुख श्री सरोज नेताम ने कहा कि अशिक्षा और जमीनी स्तर पर शासन की योजनाओं की जानकारी नहीं होने के कारण कमार समाज विशेष पिछड़ी जनजाति की श्रेणी में शामिल है। घुमंतू जीवन जीने, स्थायी आवास नहीं होने, खेती-किसानी का अभाव, बाल विवाह जैसी कुप्रथा और प्रशासन की पहुंच से दूर होने के कारण लंबे समय से यह जनजाति पिछड़ेपन का दंश झेल रही है। श्री नेताम ने बताया कि कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के नेतृत्व में प्रशासन ने प्रधानमंत्री जनमन कार्यक्रम के तहत कमार जनजाति के विकास के लिए परिणाममूलक योजना तैयार की। निर्धारित समय अवधि में योजना अनुसार घटकों की पूर्ति की गई और जनमन योजना का एक पूरा पैकेज हमारी जनजाति को मिला। कमार गांवों में सड़क, लोगों को रहने के लिए स्थायी घर, बिजली और पानी के साथ बच्चों की पढ़ाई के लिए शिक्षक भी मिले। श्री नेताम ने इन सभी सुविधाओं के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का भी आभार जताया। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों की चिंता करने और उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए जनमन पैकेज देने के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को धन्यवाद भी दिया।

### नाम निर्देशन प्राप्त करने अधिकारी-कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

**उत्तर बस्तर कांकेर, 24 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 हेतु पंच एवं सरपंचों का नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने हेतु जनपद पंचायत कांकेर के रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु 27 जनवरी से 03 फरवरी तक सुबह 10.30 से अपरान्ह 03 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया जाएगा। इस संबंध में 23 जनवरी को जनपद पंचायत कांकेर के सभाकक्ष में अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया है। त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन हेतु नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त करने रिटर्निंग ऑफिसर (जनपद) द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिसमें सामुदायिक भवन सिंगारभाट के लिए जनपद पंचायत कांकेर के विकास विस्तार अधिकारी श्रीमती खूशबू सिन्हा, सचिव श्री राजकुमार सलाम, सुशील पदमाकर, सुखचंद मंडावी, मनोज साहू और महेश वट्टी की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार राजीव गांधी सेवा केन्द्र ईच्छापुर के लिए खाद्य निरीक्षक श्री उमेश कुमार सिन्हा, सचिव श्री सियाराम जैन, कौशिल्या नाग, राधिका कुंजाम, महेश मंडावी, दुलचंद पटेल तथा पंचायत भवन मालगांव हेतु जनपद पंचायत कांकेर के उप अभियंता श्री नंद कुमार कुर्रे, सचिव श्रीमती ममता पेदरिया, अनूप कुमार नेताम, दुलचंद पटेल, संजय पटेल और स्वाति सिन्हा की ड्यूटी लगाई गई है।

## एक नजर

### 26 एवं 30 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित

**बीजापुर 24 जनवरी ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसग? आबकारी अधिनियम 1915 के तहत वर्ष 2025 के लिए देशी-विदेशी मदिरा के फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अंतर्गत 26 जनवरी 2025 दिन रविवार को गणतंत्र दिवस एवं 30 जनवरी 2025 दिन गुरूवार को महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जिसके अन्तर्गत जिला बीजापुर के समस्त देशी-विदेशी मदिरा दुकान व एफएल-7 सैनिक केंटीन में मदिरा धारण, विक्रय, परिवहन एवं परोसना पूर्णतः प्रतिबंधित है।

### आरओ, एआरओ एवं मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण

**बीजापुर 24 जनवरी ।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच के नाम निर्देशन प्राप्त करने वाले समस्त आरओ एआरओ एवं मास्टर ट्रेनर्स को नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने एवं जमा करने के दौरान विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी संयुक्त कलेक्टर श्री जागेश्वर कौशल की उपस्थिति में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स श्री सीके रहंगडाले द्वारा दी गई। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री जोगेश्वर कौशल ने समस्त आरओ, एआरओ एवं मास्टर ट्रेनर्स के शंकाओ का समाधान करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन दिए।

### 25 जनवरी को भी किया जा सकेगा नामांकन

**रायगढ़, 24 जनवरी।** नगरपालिकाओं/त्रिस्तरीय पंचायतों के आम एवं उप निर्वाचन 2025 के लिए जारी कार्यक्रम के तहत 22 से 28 जनवरी तक नाम निर्देशन पत्र लिए जा रहे हैं। इस संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि 25 जनवरी 2025 दिन शनिवार को भी प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 03 बजे तक नाम निर्देशन पत्र लिए जाएंगे।

इस विषय पर छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के उप सचिव के द्वारा सभी कलेक्टरों को पत्र जारी कर अवगत कराया गया है कि नगरपालिकाओं/त्रिस्तरीय पंचायतों के आम एवं उप निर्वाचन 2025 कराये जाने हेतु समय-अनुसूची (कार्यक्रम) दिनांक 20 जनवरी 2025 को जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर की 15 अक्टूबर 2024 को जारी अधिसूचना राजपत्र (असाधारण) की प्रति के अनुसार 25 जनवरी 2025 को सार्वजनिक अवकाश घोषित नहीं किया गया है। अतएव दिनांक 25 जनवरी 2025 को नाम-निर्देशन पत्र लेने की कार्यवाही की जाएगी।

### ईवीएम प्रबंधन, रेण्डमाइजेशन तथा कमीशनिंग कार्य के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

रायगढ़, 24 जनवरी। छ.ग.राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा नगर पालिका निर्वाचन 2024-25 के लिए ईव्हीएम के माध्यम से महापौर, अध्यक्ष एवं पार्षद पद का निर्वाचन कराया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में ईव्हीएम का प्रबंधन एवं रेण्डमाइजेशन तथा कमीशनिंग सहित समस्त कार्य हेतु डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ श्रीमती रेखा चन्द्रा को नोडल अधिकारी ईव्हीएम तथा राजस्व निरीक्षक नजूल रायगढ़ श्री शास्त्री प्रधान को सहायक नोडल ईव्हीएम नियुक्त किया गया है।

### महापौर के लिए 3 अभ्यर्थियों ने लिए नामांकन पत्र



रायगढ़, 24 जनवरी। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए जारी कार्यक्रम अनुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में 22 जनवरी से नगरीय निकायों के लिए नाम निर्देशन की प्रक्रिया शुरू हो गई। जिसके तहत आज दूसरे दिन 23 जनवरी को महापौर पद के लिए 3 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिक निगम रायगढ़ के महापौर पद हेतु वार्ड क्रमांक-3 से श्री जेठूराम मनहर, वार्ड क्रमांक 38 से श्री मुरारीलाल भट्ट तथा वार्ड क्रमांक 4 जगतपुर रायगढ़ से श्रीमती जानकी बाई काटजू ने नाम निर्देशन पत्र लिए। इसी तरह पार्षद पद हेतु नगरीय निकाय रायगढ़ अंतर्गत विभिन्न वार्डो से 30 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिए गए।नगर पालिका परिषद खरसिया में अध्यक्ष पद हेतु 2 तथा पार्षद पद हेतु 10 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिए। इसी तरह नगर पंचायत धरमजयगढ़ में अध्यक्ष पद के लिए 2 एवं पार्षद पद के लिए 9, नगर पंचायत घरघोड़ा में पार्षद पद हेतु 8, नगर पंचायत पुसौर में अध्यक्ष पद के लिए 2 एवं पार्षद पद के लिए 1 अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिए गए। नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर एवं लैलूंगा निरंक रहा।

# श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल सहित पदाधिकारियों ने पदभार ग्रहण किया



**पत्थलगांव, 24 जनवरी।** श्याम सेवा समिती के नये पदाधिकारीयों का पदभार ग्रहण दिन मंगलवार की देर शाम श्याम मंदिर परिसर मे संपन्न हुआ,जिसमे नवनिर्वाचित अध्यक्ष के रूप मे सुशील अग्रवाल(ठेकेदार) ने अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। उनके अलावा सचिव के पद पर सुनील अग्रवाल,सहसचिव अशीष अग्रवाल,कोषाध्यक्ष रमेश गोयल,सहकोषाध्यक्ष का पदभार नरेश गोयल ने संभाला,इस दौरान श्याम सेवा समिती के एक दर्जन से भी अधिक सदस्य मौजुद थे,सदस्यो ने श्याम सेवा समिती के नये पदाधिकारीयों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस कार्यक्रम का संचालन श्याम सेवा समिती के सदस्य प्रवीण गर्ग द्वारा किया जा रहा था,उन्होने पदाधिकारीयों के चयन को एक प्रक्रिया बताया। उनका कहना था कि साल दर साल होने वाली इस व्यवस्था से नये कार्यो को एक व्यवस्थित व्यवस्था मिलती है,जिसका समय-समय पर बदलाव करना एक प्रक्रिया है। श्याम सेवा समिती के अध्यक्ष पद पर काबिज सुशील अग्रवाल ने अध्यक्ष पद के दायित्वो का निर्वहन भलीभांति करने की बात कही। उन्होने पहली प्राथमिकता मे सबको साथ लेकर विश्वास के साथ समिती के बनाये नियम एवं कर्त्तब्यो का पालन करने की बात कही। उनका कहना था कि पूर्व मे गठित समिती भी पूरे दायित्वो के साथ तीन सालो तक अपने कार्यो का निर्वहन किया है। वर्तमान मे नयी रूपरेखा के साथ मंदिर समिती के कार्यो को किया जायेगा,उन्होने सदस्यो द्वारा सुझाये गये प्रस्ताव पर विचार पूर्वक कार्य करने की बात कही,इस बीच समिती के अनेक सदस्यो ने अपने सुझाव नवगठित समिती के सामने रखे,जिन पर विचार कर पूरा करने की बात कही गयी। इस दौरान यहा श्याम सेवा समिती के पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र अग्रवाल,अशोक अग्रवाल,सुरेन्द्र अग्रवाल,अनिल मित्तल,राजकुमार अग्रवाल,हेमंत अग्रवाल,नटवर अग्रवाल, महावीर अग्रवाल,सूरज अग्रवाल,अंकुर गोयल,टीनू अग्रवाल,कल्लु अग्रवाल,धीरज अग्रवाल, शेखर रोहिला,मुकेश अग्रवाल एवं अन्य सदस्य मौजुद रहे।।

राशि



## नक्सल पुनर्वास नीति के तहत आईईडी ब्लास्ट में मृतक के परिजन को सहायता राशि प्रदान की गई

**बीजापुर 24 जनवरी ।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने आईईडी ब्लास्ट में मृत्यु होने की घटना में मृतक के पिता को नक्सल पुनर्वास नीति के तहत 5 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदाय किया।वाहन चालक स्वगीय श्री तुलेश्वर राना पिता श्री कमलसाय राना का ग्राम अंबेली में नक्सलियों द्वारा लागाए गए प्रेशर आईईडी ब्लास्ट होने से उनकी मृत्यु 06 जनवरी 2025 को हो गई थी, मृतक के पिता श्री कमल साय राना को नक्सल पुनर्वास नीति के तहत 5 लाख रुपए का चेक प्रदाय किया गया।



### पर्यवेक्षक शेखर त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं की ली बैठक

**पत्थलगांव, 24 जनवरी।** नगर पंचायत चुनाव के मद्देनजर बगीचा में पर्यवेक्षक के रूप में पर्यवेक्षक शेखर त्रिपाठी बगीचा नगर पंचायत पहुंचे,जहां उन्होंने संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं दावेदारों के साथ विस्तृत चर्चा की। टिकट वितरण की प्रक्रिया को लेकर पारदर्शिता और उचित निर्णय पर जोर दिया गया ताकि कांग्रेस पार्टी के लिए सबसे प्रभावी उम्मीदवार मैदान में उतर सकें,इसके बाद कार्यकर्ताओं से संवाद किया, उनके विचारों को सुना और सभी में एकजुटता और जोश का संचार किया। चुनावी तैयारियों और रणनीतियों पर भी विशेष रूप से ध्यान दिया, ताकि बगीचा में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित हो सके। इस दौरान वार्ड 9 की पार्षद ने प्रभारी के समक्ष कांग्रेस प्रवेश भी किया। शेखर त्रिपाठी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक मजबूत संगठन और जनता के समर्थन से बगीचा में कांग्रेस का परचम लहराना हमारा संकल्प है,इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ कांग्रेसी गज्जू जैन, राजेन्द्र अग्रवाल, सतीश अग्रवाल,सजन गुप्ता,नासिर अली सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लंबे समय के इंतजार के बाद जिले के तीन मंडल में अध्यक्ष नियुक्त



**पत्थलगांव, 24 जनवरी।** भाजपा के मंडल अध्यक्ष पदों को लेकर जिले में लंबे समय से चली आ रही भारी कश्मकश आखिरकार मंगलवार को समाप्त हो गई। जशपुर जिले के तीनों महत्वपूर्ण मंडल पत्थलगांव,कांसाबेल व बगीचा के अध्यक्ष पदों पर नियुक्ति का विवाद संगठन के वरिष्ठ नेताओं द्वारा सुलझा लिया गया। जिले के तीनों मंडलों के अध्यक्षों की नियुक्ति हो गई है,इन मंडल अध्यक्षों की सूची में पत्थलगांव से अंकित बंसल, कांसाबेल से सुदाम पंडा और बगीचा मंडल से हरीश आरिक को नियुक्त किया गया है। वहीं सूची जारी होते ही नवनियुक्त अध्यक्षों के समर्थकों में खुशी की लहर सी छा गई है,यह नियुक्ति भाजपा के संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करने के उद्देश्य से आगामी चुनावों के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही। पत्थलगांव से नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष अंकित बंसल ने प्रदेश नेतृत्व,जिला नेतृत्व एवं मंडल के वरिष्ठजनों और कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा है कि आगामी समय पर जो भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे सभी कार्यक्रमों को कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर बखूबी तरीके से कराया जाएगा। क्षेत्र के विकास और लोगों की समस्याओं को दूर करने पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं,आने वाले दिनों में त्रिस्तरीय एवं नगरी निकाय चुनाव होने हैं जिसके लिए सभी के साथ मिलकर रणनीति तैयार की जाएगी।।

### नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए स्थापित किया गया कंट्रोल रूम

**रायगढ़, 24 जनवरी।** नगरीय निकाय/त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024.25 हेतु प्रभावी आदर्श आचार संहिता को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तरीय 24×7 कंट्रोल रूम कार्यालय कलेक्टर कक्ष क्रमांक 19 में स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष 07762-223750 है। नगरीय निकाय/ त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 हेतु निर्वाचन कार्यक्रम संबंधित सुझाव एवं शिकायतें उक्त दूरभाष के माध्यम से दर्ज कराया जा सकता है।इसके साथ ही आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने प्रत्येक नगरीय निकाय क्षेत्र के लिए समिति का गठन किया गया है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कलेक्टर का राज्य स्तर पर किया जाएगा सम्मान

**रायगढ़, 24 जनवरी।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें भारत निर्वाचन आयोग की अनुशंसा पर रायगढ़ जिले में निर्वाचन के कुशल संचालन के लिए मिलेगा। रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय के सभागार में 25 जनवरी को प्रातः 11 बजे से सम्मान समारोह आयोजित है।

कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में संचालित मतदाता जागरूकता और इलेक्शन मैनेजमेंट कार्यक्रमों का परिणाम रहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 में रायगढ़ जिले में रिकॉर्ड तोड़ वोटिंग हुई। रायगढ़ जिला मतदान प्रतिशत के मामले में पूरे प्रदेश में शीर्ष में रहा। जिलों के आंकड़ों को देखें रायगढ़ जिले में 81.60 प्रतिशत मतदान हुआ। जो प्रदेश के सभी जिलों में सबसे अधिक है। पिछले बार से यह 2.14 प्रतिशत अधिक है। वहीं पूरे लोकसभा के लिहाज से देखें तो रायगढ़ लोकसभा में 78.85 प्रतिशत मतदान हुआ जो प्रदेश दूसरे स्थान पर है।

### टॉप 5 वोटिंग प्रतिशत वाले विधानसभा में रायगढ़ के तीन विधानसभा रहे शामिल

पूरे छत्तीसगढ़ के टॉप मतदान प्रतिशत वाले विधानसभा की लिस्ट में पहले स्थान पर रायगढ़ का धरमजयगढ़ और दूसरे स्थान पर लैलूंगा विधानसभा रहा। धरमजयगढ़ में 84.61 प्रतिशत वोटिंग हुई और लैलूंगा में 84.26 प्रतिशत मतदान हुआ। खरसिया में 83.56 प्रतिशत वोटिंग हुई, सूची में खरसिया चौथे स्थान पर रहा। पिछले लोकसभा में रायगढ़ जिले में 79.46 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। इस लिहाज से रायगढ़ जिले में इस बार 2.14 फीसदी वोटिंग ज्यादा हुई। सभी विधानसभाओं में मतदान का प्रतिशत बढ़ा है।

### माइक्रो मैनेजमेंट पर फोकस कर हासिल हुई बड़ी उपलब्धि

बड़ी कार्ययोजना के सफल होने में माइक्रो मैनेजमेंट का बड़ा हाथ होता है। इसी माइक्रो मैनेजमेंट ने रायगढ़ में मतदान को लेकर एक नई इबारत लिखी गई। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल और पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल के नेतृत्व में पूरे प्रशासनिक अमले ने जिले में अधिक से अधिक मतदान के लिए लोगों को प्रेरित किया। सीईओ जिला पंचायत व स्वीप नोडल श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम चलाए गए। जिसका परिणाम रहा कि जिले में पिछले चुनाव के मुकाबले मतदान प्रतिशत में 2.14 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई।

कंट्रोल रूम में अधिकारियों ने सुबह 05 बजे से संभाल रखा था मोर्चा, मतदान समाप्ति तक चलती रही मॉनिटरिंगपूरे मतदान प्रक्रिया की मॉनिटरिंग के लिए कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में वेबकास्टिंग से मतदान केंद्रों की मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया था। सुबह 05 बजे से ही यहां कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने मोर्चा संभाल लिया। यहां से पूरे दिन भर जिले में मतदान को लेकर मॉनिटरिंग की गई। हर एक मतदान केंद्र को फोकस किया गया। जहां समस्याएं आई तत्काल उनका निराकरण किया गया। रियल टाइम में फील्ड से जानकारी लेकर उसके समाधान के लिए सेक्टर ऑफिसर्स को निर्देशित किया गया। सुबह 05 बजे से देर शाम मतदान समाप्ति तक सभी अधिकारी फील्ड के साथ कंट्रोल रूम से मतदान की निगरानी करते रहे।

# गणतंत्र दिवस के पूर्व मिनी स्टेडियम में फुल ड्रेस रिहर्सल किया

**महासमुंद 24 जनवरी ।** गणतंत्र दिवस के लिए आज कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ श्री एस. आलोक और उप पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय की मौजूदगी में गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। पूर्वाभ्यास में रक्षित निरीक्षक दीप्ति कश्यप के नेतृत्व में पुलिस, नगर सैनिक, एनसीसी एनएसएस की कुल 11 टुकड़ियों ने परेड की सलामी दी। रिहर्सल स्थानीय मिनी स्टेडियम में आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री एस. आलोक बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे।

मिनी स्टेडियम में रिहर्सल सुबह 9.00 बजे शुरू हुई। आज फुल ड्रेस रिहर्सल में 6 स्कूलों द्वारा राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत गीत संगीत पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति दिया गया। आज उनकी भी अंतिम रिहर्सल की गई। समारोह का मुख्य आकर्षण 14 स्कूलों के लगभग 900 बच्चों द्वारा एरोबिक्स जुंबा पीटी प्रदर्शन होगा। इसके अलावा 13 विभागों की झांकी निकाली जाएगी। शहीद के परिजनों का सम्मान व उत्कृष्ट कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। इस अवसर पर कलेक्टर ने तैयारी का जायजा भी लिया और आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी श्री हरिशंकर पैकरा, तहसीलदार के.के. साहू एवं संबंधित अधिकारी - कर्मचारी मौजूद थे।

**जिला मुख्यालय के मुख्य समारोह में खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ध्वजारोहण करेंगे:-** जिले में 26 जनवरी 2025 (गणतंत्र दिवस) पूरी गरिमा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस के मौके पर ?िला मुख्यालय महासमुंद के मुख्य समारोह में प्रदेश के खाद्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री दयाल दास बघेल ध्वजारोहण करेंगे तथा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। जिला स्तरीय मुख्य समारोह जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में प्रातः 9:00 बजे शुरू होगा। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह एवं पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष सिंह ने यहां सभी तैयारियों का जायजा लिया एवं आवश्यक निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई मतदाता शपथ

**महासमुंद 24 जनवरी ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस आज पूरे उत्साह और गरिमा के साथ महासमुंद जिले में मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारी-कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई। कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि इस शपथ का उद्देश्य लोकतंत्र की मजबूती और स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी को संकल्प दिलाया कि वे निर्भीक होकर, किसी भी प्रकार के प्रलोभन या दबाव से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाते हुए कहा कि ÷हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**बीजापुर 24 जनवरी(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगरपालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 हेतु निर्वाचन की घोषणा हो चुकी है एवं आदर्श आचरण संहिता 20 जनवरी 2025 से निर्वाचन प्रक्रिया समापन तक प्रभावशील रहेगी। सभी अभ्यर्थी एवं उनके कार्यकर्ता तथा उनसे सहानुभूति रखने वाले व्यक्ति अपने अभ्यर्थी के प्रचार-प्रसार के लिये ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग करते है। इन ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग न केवल स्थायी मंच से होता है, वरन वाहनों यथा जीप, कार, ट्रक, टेम्पो, तिपहिया स्कूटर, साईकल, रिक्शा आदि पर घूम-घूम कर या स्थिर रखकर भी होता है। ये वाहन सभी स?कों गलियों, उपगलियों में चलते है और गांवो, बस्तियों, मोहल्लों, कालोनियों से बहुत ऊँची आवाज पर लाउडस्पीकरों से प्रसारण करते हुए जाते है। लाउडस्पीकरों का ऊँची आवाज में प्रयोग से विद्यार्थी वर्ग गम्भीर रूप से अशांत हो जाते है, क्योकि उनका अध्ययन बाधित होता है। लाउडस्पीकर के अबाध रूप से किये जाने वाले शोर गुल से वृद्ध, दुर्बल, बीमार व्यक्ति को चाहे वह चिकित्सालय या घर में हो बहुत परेशानी होती है।निर्वाचन अवधि में ध्वनि विस्तारक यंत्र के प्रयोग को पूर्ण रूप से रोका नही जा सकता है क्योकि ध्वनि विस्तारक यंत्र निर्वाचन प्रचार एवं जन समूह के बीच अपने विचार व्यक्त करने के साधनों में से एक साधन है। लेकिन उसके साथ-साथ विषम समय में विषम स्थान पर ध्वनि विस्तारक यंत्र के उंचे स्वरों पर अव्यवधानिक प्रयोग जिससे जनमानस के शांति एवं स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव प?ता हो, की अनुमति दिया जाना उचित नहीं है।अतएव उपरोक्त वर्णित तथ्यों के प्रकाश में, हर पहलुओं पर विचार करने के उपरान्त कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी तथा जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संबित मिश्रा द्वारा कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 4 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बीजापुर जिले में जिनमें निर्वाचन कराने की घोषणा आयोग ने किया है। रात्रि 10:00 से प्रातः 06:00 बजे के बीच किसी भी स्थान में तीव्र संगीत बजाया व बजवाना, ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग किया जाना अथवा करवाया जाना पूर्ण रूप से निषिद्ध है। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग निर्वाचन के लिए वाहनों पर एवं निर्वाचन सभाओं में प्रातः 06:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक ही किया जा सकेगा किन्तु ऐसे ध्वनि विस्तारक यंत्र साधारण किस्म के होगे एवं मध्यम आवाज में ही प्रयोग किये जायेगे तथा इस हेतु सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त करना आवश्यक है। लोक शान्ति को देखते हुए लम्बे चोंगे वाले लाउडस्पीकर का उपयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। वाहनों पर और निर्वाचन सभाओं में एक से अधिक लाउडस्पीकर समूहों में लगाया जाना भी प्रतिबंधित किया गया है।निर्वाचन सभाओं एवं निर्वाचन प्रचार करने के लिए वाहनों पर ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाने के लिए संबंधित थाना प्रभारी से लिखित पूर्वानुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

प्रातः 6:00 बजे से रात्रि के 10:00 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग सामान्यतः सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त कर किया जा सकता है। परन्तु लोक स्थान यथा, कलेक्ट्रेट कार्यालय, जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालय, शैक्षणिक संस्थाओं, चिकित्सालय, नर्सिंग होम, न्यायालय परिसर अन्य शासकीय कार्यालय, छात्रावास, किसी स्थानीय निकाय, बैंक, पोस्ट ऑफिस दूरभाष केन्द्र आदि से 200 मीटर दूरी के भीतर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग सामान्यतः स्थिति में भी पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाता है। इस अधिनियम के अधीन दण्डनीय कोई भी अपराध संज्ञेय होगा।

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया प्रतिबंधात्मक आदेश जारी


**बीजापुर 24 जनवरी(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नगरपालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 स्वतंत्र एवं निष्पक्ष कराए जाने हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर पुलिस अधीक्षक बीजापुर को आयोग के निर्देशानुसार जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के तहत कार्यवाही की दैनिक जानकारी भेजने को कहा गया है। प्रतिबंधात्मक आदेश के तहत अपराधी तथा गुंडातत्व के विरुद्ध अभियान चलाकर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करना। अवैध अस्त्र-शस्त्रों को जब्त करना एवं असामाजिक तत्व व्यक्तियों को गिरफ्तार करना। जमानत पर छूटे अपराधी तत्वों की निगरानी करना। हिस्ट्री शिटर एवं निगरानी बदमाशों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करना। पिछले निर्वाचन के दौरान मतदान केन्द्र पर लूटपाट करने वाले तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही एवं उनके शस्त्र आदि जमा करना। बड़े-छोटे अन्य सभी वाहनों को निर्वाचन के तीन दिन पूर्व से परिणाम घोषणा के दिनांक तक सघन जांच करना। गत वर्षों में निर्वाचन अपराधों में लिप्त पाए गए व्यक्तियों की सूची तैयार कर उचित कार्यवाही करना। आदतन बदमाशों तथा शरारती तत्वों की सूची तैयार किया जाकर कार्यवाही करना। लंबित वारंटों की तामिली की कार्यवाही की करना। पूर्व में दर्ज निर्वाचन अपराधों के निराकरण हेतु कार्यवाही की करना। अवैध मदिरा निर्माण तथा विक्रय पर निगरानी रखी जाए तथा आबकारी नियमों के अन्तर्गत कार्यवाही की करना। लाइसेंसी शस्त्र धारियों के शस्त्र जमा कराए जाने संबंधी नियमानुसार कार्यवाही की करना। आयोग के स्थाई निर्देशानुसार चिन्हांकित किये गये Vulnerable स्थानों पर पुलिस गस्त की व्यवस्था की करना ताकि मतदाता निर्भिक होकर मतदान कर सके।

## बीडीएस टीम ने पुलिया के नीचे लगाया गया बम बरामद कर नष्ट किया



**बीजापुर 24 जनवरी(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आवापल्ली मार्ग में बीडीएस टीम के द्वारा तिमापुर दुर्गा मंदिर के पास स्थित पुल के नीचे से माओवादियों के द्वारा लगाया गया लगभग 50 किग्रा का ढ्ढश्वष्ठ डिटेक्ट किया गया।माओवादियों के द्वारा पुलिया के नीचे से कांक्रिट एवं पत्थर को हटाकर उसके अंदर ढ्ढश्वष्ठ प्लांट किया गया था एवं पत्थरों को पुनः वैसे ही जमा दिया गया था। डिमाईनिंग के दौरान मेटल डिटेक्टर में ढ्ढश्वष्ठ डिटेक्ट होने पर सुरक्षित रूप से आईईडी को बाहर निकालने का प्रयास किया गया लेकिन आईईडी ज्यादा गहराई में लगे होने से सुरक्षा की दृष्टिकोण से मौके पर नष्ट किया गया।माओवादियों द्वारा ब?ी वाहनों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से RC (Remote Control) IED पुलिया के नीचे प्लांट किया गया था।सुरक्षा बलो की सतर्कता एवं सूझबूझ से माओवादियों के नापाक मंसूबो को किया गया विफल ।आईईडी नष्टीकरण से सड़क में गहरा गड्ढा हुआ है जिसे भरकर आवागमन बहाल किया जा रहा है।

### जिला कार्यशाला बैठक भाजपा कार्यालय में आयोजित




**बीजापुर 24 जनवरी(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** इस बैठक में मुख्य रूप से रहे नगरीय निकाय चुनाव पर्यवेक्षक श्री लच्छू राम कश्यप जी, त्रिस्तरीय पंचायत पर्यवेक्षक श्री गौतम गोलछा जी, पूर्व जिलाध्यक्ष श्री श्रीनिवास मुदलियार जी, महामंत्री श्री सत्येंद्र सिंह ठाकुर जी, नगरीय निकाय प्रभारी श्री संजय लुंकड़ जी, श्री सुखलाल पुजारी जी, वरिष्ठ नेता श्री सेवाराम भूत जी,मंच संचालक रहे युवा नेता श्री फूलचंद गागड़ा जी, संहित भाजपा जिला पदाधिकारीगण ,मंडल पदाधिकारीगण, एवं भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### दामाखेड़ा में 2 से 15 फरवरी तक होगा विशाल संत समागम मेला का आयोजन

# कलेक्टर-एसपी ने तैयारी के सबंध में दिए जरूरी निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 24 जनवरी।** धर्मनगर दामाखेड़ा में 2 फरवरी से 15 फरवरी 2025 तक माघ मेला के अवसर पर विशाल संत समागम समारोह आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने गुरुवार को पंथ प्रकश छोटे साहब डॉ भानुप्रताप साहब की उपस्थित में सद्गुरु कबीर धर्मदास साहब वंशवली प्रतिनिधि सभा प्रांगण में अधिकारियों की बैठक लेकर संत समागम समारोह की तैयारी के सम्बन्ध में जरुरी निर्देश दिए।

कलेक्टर सोनी ने सभी संबधित अधिकारियों को शत प्रतिशत तैयारी मेला प्रारंभ होने के तीन दिन पूर्व ही करने कहा है ताकि समय सीमा के पूर्व सभी तैयारी पूर्ण हो सके। उन्होंने मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश पीएचई विभाग के अधिकारियों को दिए। मेला के दौरान निरंतर बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए पर्याप्त ट्रांसफार्मर के साथ जनरेटर का इंतजाम भी रखे रहने को कहा गया है। मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को आस-पास के गांवों के स्कूल, सामुदायिक भवन और हॉस्टलों में भी ठहराया जाएगा। साफ-सफाई की समुचित तैयारी रहेगी। सिमगा और भाटापारा नगरीय निकाय से सफाई कर्मचारी दिन-रात तैनात रहेंगे। यातायात एवं पार्किंग के लिए पुलिस विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 24 घण्टे चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाएगी। भाटापारा और बलौदाबाजार से एम्बुलैंस और संजीवनी एक्सप्रेस वाहन मुस्तैद रहेंगे।मेला स्थल पर अस्थाई शौचालय और स्नानागार बनाया जाएगा। फायर ब्रिगेड की व्यवस्था भी तैनात रहेगी। बैरिकेडिंग के लिए बांस-बल्ली की व्यवस्था वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार, एसडीएम अंशुल वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## एक नजर

### देवाशीष ने हासिल की महत्वपूर्ण उपलब्धि

**बलौदाबाजार, 24 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार-भाटापारा जिला अधिवक्ता संघ के सदस्य और हमारे नगर बलौदा बाजार के अधिवक्ता देवाशीष तिवारी ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने भारत के सर्वोच्च न्यायालय की एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड परीक्षा को सफलतापूर्वक पास किया है, जिससे वे अपने जिले से ऐसा करने वाले पहले अधिवक्ता बन गए हैं। एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड (ह्वक्र) एक ऐसा अधिवक्ता होता है जो चार वर्ष की वकालत और एक वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त कर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा को पास कर सर्वोच्च न्यायालय में मामले दायर करने और पैरवी करने के लिए विशेष रूप से अनुमोदित होता है। बिना इस परीक्षा में सफलता प्राप्त किए सर्वोच्च न्यायालय में अधिवक्ता को मामला दायर करने की अनुमति नहीं होती। यह परीक्षा अत्यंत कठिन और प्रतिष्ठित मानी जाती है, जिसमें केवल कुछ ही अधिवक्ता सफल हो पाते हैं। 2023 में आयोजित इस परीक्षा में पूरे देश से सिर्फ356 अधिवक्ताओं ने ही सफलता अर्जित की। देवाशीष तिवारी की इस उपलब्धि बलौदा बाजार-भाटापारा जिले के लिए गौरव का क्षण भी है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता वरिष्ठ अधिवक्ता संजय तिवारी, माता वंदना तिवारी, गुरुजनो, परिवार जनों, मित्रों, वरिष्ठ अधिवक्ता डॉक्टर निर्मल शुक्ला एवं सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता सुमीर सोढ़ी को दिया है।



### लक्ष्मी ट्रेडर्स में मिला 820 क्विंटल कम धान, 20 लाख 50 हजार रुपये की बैंक गारंटी होगी जब्त

**बलौदाबाजार, 24 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर सहायक खाद्य अधिकारी अमित शुक्ला एवं खाद्य निरीक्षक कमलनारायण साहू द्वारा मेसर्स लक्ष्मी ट्रेडर्स ग्राम अमेरा तहसील पलारी की जांच किया गया। मौके पर राईस मिल का भौतिक सत्यापन किया गया जिसमें राईस मिल में 820 क्विंटल धान कम होना पाया गया।कम पाए गए धान 820 क्विंटल का मूल्य 2500 रुपये प्रति क्विंटल की दर से 20, 50, 000 रुपए होता है जिसे खरीफविपणन वर्ष 2024-25 में कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव करने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ बलौदाबाजार में उनके द्वारा जमा किये गये बैंक गारण्टी से किया जाएगा। जाँच में पाया गया कि राईस मिलर द्वारा अनुसूची 2 अनुसार मासिक विवरणी प्रस्तुत नहीं किया जाना पाया गया साथ ही स्टॉक की जानकारी ऑनलाईन मिलर मॉड्यूल में एन्ट्री नहीं किया जाना पाया गया एवं कस्टम मिलिंग स्टॉक पंजी बी-1 को संधारित नहीं किया जाना पाया गया, जो कि छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 की कंडिका 3 (3), 4 (3), 5 (1), 6 (1) (2) (3) एवं 12 का स्पष्ट उल्लंघन है जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय है।

### पुलिस ने जिले में स्थित संयंत्रों के सुरक्षा अधिकारियों की ली गई बैठक

# संयंत्रों में पर्याप्त सुरक्षा, कार्यरत कर्मचारी, श्रमिक और आसपास के निवासियों की सुरक्षा प्रबंधन के दिए निर्देश



- यातायात के लिए करें समुचित उपाय, भारी वाहनों के पार्किंग के लिए यार्ड के समुचित प्रबंधन के लिए दी गई हिदायत
- संयंत्र में आने-जाने वाले वाहन चालकों का ब्रेथ एनालाइजर मशीन से की जाए अनिवार्य रूप से जांच
- संयंत्र में कार्य करने वाले दीगर राज्यों के समस्त स्थाई, अस्थाई, ठेका श्रमिकों का अनिवार्य रूप से लिया जाए फिंगरप्रिंट
- संयंत्र में घटित किसी प्रकार की भी घटना के संबंध में तत्काल करें सूचित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 24 जनवरी।** 23 जनवरी को पुलिस कार्यालय सभाकक्ष बलौदाबाजार में जिले में स्थापित समस्त औद्योगिक संयंत्रों के सुरक्षा अधिकारियों का बैठक लिया गया। बैठक के दौरान निम्नांकित मुद्दों पर चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

औद्योगिक संयंत्रों में पर्याप्त सुरक्षा के प्रबंध किया जाए। साथ ही कार्यरत समस्त कर्मचारी मजदूर, एवं आसपास के निवासियों की सुरक्षा हेतु पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध अनिवार्य रूप से संयंत्र प्रबंधन द्वारा किया जाए। विगत दिन खापारडीह मे घटित घटना को दृष्टिगत रखते हुए औद्योगिक सुरक्षा इकाइयों एवं जांच समिति द्वारा संयंत्र में समय-समय पर विधिवत जांच की कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए। संयंत्र में आने वाले भारी वाहनों के पार्किंग के लिए यार्ड एवं यातायात के समुचित सुरक्षा प्रबंध संयंत्र प्रबंधन द्वारा किया जाए। विशेष कर बाहर खड़े ट्रक, बलकर एवं अन्य भारी वाहनों को सड़क मार्ग में खड़ा नहीं होने देकर उन्हें यार्ड में ही खड़ा रखने हेतु निर्देशित किया जाए। किसी भी स्थिति में संयंत्र में आने वाला कोई भी वाहन सड़क मार्ग में पार्किंग ना हो।

संयंत्र में चलने वाले समस्त भारी वाहनों के वाहन चालकों का अनिवार्य रूप से ब्रेथ एनालाइजर मशीन द्वारा परीक्षण कराया जाए। छत्तीसगढ़ से बाहर दीगर राज्यों से आकर संयंत्र में कार्य करने वाले समस्त स्थाई, अस्थाई श्रमिकों, ठेका श्रमिकों का फिंगरप्रिंट लेकर नेफिस परियोजना के तहत पंजीयन कराया जाना है। इसलिए संयंत्र में कार्यरत समस्त श्रमिकों का अनिवार्य रूप से फिंगरप्रिंट लिया जाए। संयंत्र में किसी भी प्रकार की छोटी बड़ी घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दिया जाए। इसके अतिरिक्त किसी भी विवेचना, जांच संबंधित मामले में अधिकारियों का समुचित रूप से सहयोग करना सुनिश्चित करें।

## नियमों का उल्लंघन करने पर सीमेंट सयंत्र के कारखाना अधिभोगी एवं प्रबंधक को नोटिस



■ 7 दिवस के भीतर देना होगा समाधानकारक जवाब

**बलौदाबाजार, 24 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम खपराडीह स्थित सीमेंट संयंत्र से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खपराडीह के छात्रों के दुर्गधयुक्त हवा के कारण मुर्छित होने की सूचना मिलने पर कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिमगा, सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, सहायक संचालक, हाईजिन लैब रायपुर, प्रबन्धक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बलौदाबाजार, क्षेत्रीय अधिकारी, पर्यावरण संरक्षण मण्डल, रायपुर, सहायक अभियंता, पर्यावरण संरक्षण मण्डल रायपुर एवं वैज्ञानिक पर्यावरण संरक्षण मण्डल रायपुर के द्वारा दिनांक 22 जनवरी, 2025 को सीमेंट प्लांट खपराडीह की संयुक्त जांच की गई। निरीक्षण में कारखाना अधिनियम 1948 के तहत नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सहायक संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा द्वारा कारखाने के अधिभोगी नीरज अखौरी एवं कारखाना प्रबंधक विजय अग्रवाल को कारण बताओ सूचना पत्र प्रेषित कर 07 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसके साथ ही कारखाना के अधिभोगी एवं प्रबन्धक को उपरोक्त उल्लंघन को दूर कर 7 दिवस के भीतर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रबन्धन को सख्त हिदायत दी गई। साथ ही निर्धारित समयावधि के भीतर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही नहीं किये जाने की स्थिति में उद्योग प्रबंधक के विरुद्ध नियमानुसार आगामी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जारी कारण बताओ सूचना के जांच के दौरान सहायक संचालक, हाइजिन लैब के द्वारा कारखाने के नार्थ वेस्ट में स्थित ए एफ आर में मटेरियल व परिसंकटमय अपशिष्ट का भंडारण व लाईन-3 में रखा गया ए एफ आर मटेरियल का मल्टी गैस डिटेक्टर के माध्यम से हाईजिन लैब के द्वारा हानिकारक गैस का जांच किया गया। जांच में पाया गया कि उक्त क्षेत्र में हानिकारक गैस की उपस्थिति नहीं है। सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा द्वारा कारखाने में जांच में पाया गया कि कारखाने में उत्तर पश्चिम में स्थापित ए एफ आर भंडारण कारखाने के लाईन 3 में स्थापित ए एफआर भंडारण में परिसंकटमय अपशिष्ट खुले में रखा जाना पाया गया। निकासी हेतु नियमानुसार नालियाँ व पिट का निर्माण नहीं किया जाना पाया गया। एस ओ पी एवं एम एस डी एस प्रदर्शित नहीं किया जाना पाया गया।

श्रमिकों को कार्य अनुरूप सुरक्षा उपकरण प्रदाय नहीं किया जाना पाया गया, जो कि कारखाना अधिनियम 1948 की धारा 12, धारा 7, 2 (b ), 7,2 (a) और नियम 73 (1), नियम 127 एवं नियम 128 का उल्लंघन है।क्षेत्रीय कार्यालय, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मण्डल, रायपुर द्वारा कारखाने की जांच में पाया गया, कि कारखाने में उत्तर पश्चिम में स्थापित ए एफ आर भंडारण कारखाने के लाईन 3 में स्थापित ए एफ आर भंडारण में परिसंकटमय अपशिष्ट खुले में रखा जाना पाया गया। उद्योग के आंतरिक मार्गों में वाहनों के परिवहन के दौरान फ्यूजिटिव डस्ट उत्सर्जन होना पाया गया एवं हाऊस कीपिंग व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाया गया।

# ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए लगाया गया शिविर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 24 जनवरी।** यातायात नियमों का समुचित पालन एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु जिले में यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम लगातार जारी है। इसी क्रम में आमजनों को ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की सुलभ सुविधा प्रदान करने हेतु आज दिनांक 14.01.2025 से 19.01.2025 तक थाना पलारी, कसडोल, चौकी करहीबाजार एवं थाना अजाक बलौदाबाजार में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने हेतु शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर में यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अन्य आवेदकों से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर एवं शासन द्वारा निर्धारित शुल्क जमा करवा कर ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस दौरान शिविर में उपस्थित समस्त आम जनों को यातायात नियमों का सदैव पालन करने हेतु शपथ भी दिलाया जा रहा है। इसमें सबसे विशेष बात यह रही कि लाइसेंस बनवाने के लिए शिविरों में आवेदकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना करना नहीं पड़ा है एवं छात्र-छात्राओं एवं युवाओं ने भी बड़े उत्साह एवं बढ़-चढ़कर शिविर में हिस्सा लिया है। लोगों के उत्साह का आप इसी बात से अंदाजा लगा सकते हैं कि शिविर प्रातः 11:00 बजे आरंभ होता है एवं लगातार चलते हुए शाम 06.00 बजे तक शिविर में आवेदकों का आना लगा रहता है। उपरोक्त स्थानों में आयोजित शिविरों में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने हेतु अब तक कुल 3552 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 1213 आवेदकों को लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाकर प्रदान कर भी दिया गया। बाकी बचे अन्य 2339 आवेदकों के आवेदन में 15 दिवस के भीतर प्रक्रिया पूर्ण कर, ड्राइविंग लाइसेंस जारी कर दिया जाएगा।

### कलेक्टर ने खपराडीह में हेल्थ कैम्प का लिया जायजा और स्कूली बच्चों से की मुलाकात

# बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक, बढ़ाया मनोबल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 24 जनवरी।** कलेक्टर दीपक सोनी ने गुरवार को सिमगा विकासखंड अंतर्गत ग्राम खपरीडीह के मिडिल स्कूल और हाई स्कूल के छात्रों से की मुलाकात और ग्रामीणों के स्वास्थ्य जांच शिविर का जायजा लिया। उन्होने बच्चों को समय पर भोजन करने, स्वच्छता अपनाने, मन में डर या घबराहट न लाने तथा घबराहट होने पर शिक्षकों को बताने की समझाई देते हुए उनका मनोबल बढ़ाया।

कलेक्टर ने शिक्षकों से स्कूली गतिविधियों, मध्यान्ह भोजन, साफ सफाई आदि की जानकारी लेते हुए बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने कहा। उन्होंने बताया कि सीमेंट सयंत्र के एएफआर को सील कर दिया गया है और अब तीव्र दुर्गन्ध नहीं आएगी। उन्होंने स्कूल के सभी क्लास रूम में एक्झास्ट फैन लगवाने कहा ताकि कमरों में वायु की ताजगी बनी रहे।कलेक्टर ने स्वास्थ्य जांच शिविर में मौजूद चिकित्सकों से बच्चों के स्वास्थ्य जांच के साथ आहार चार्ट बनाने के भी निर्देश दिए ताकि बच्चों में चार्ट के अनुसार समय पर जरूत के अनुसार आहार लेने की आदत विकसित हो। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से भी स्वास्थ्य जांच कराने और संयम बनाए रखने कहा।

गौरतलब है कि बुधवार को खपराडीह स्थित सीमेंट सयन्त्र के एएफआर एरिया से तीक्ष्ण दुर्गन्ध के कारण खपराडीह हायर सेकेण्डरी स्कूल के कुछ बच्चों के स्वास्थ्य समस्या होने पर पीड़ित बच्चों अस्पताल में स्वास्थ्य जांच कराया गया था। ज़िला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागो की संयुक्त जांच टीम गठन प्लांट साइट के निरीक्षण हेतु निर्देशित किया और प्रबंधन द्वारा ए एफ आर साइट प्रबंधन मे पाई गई लापरवाही को संज्ञान में लेते हुए तत्काल रूप से सीमेंट कम्पनी के ए एफआर एरिया, फीडर एरिया और श्रेडर एरिया को सील किया गया है।

इस दौरान एसडीएम अंशुल वर्मा, उप संचालक खनिज कुंदन कुमार बंजारे, तहसीलदार कुणाल सरवैया, दिलीप श्यामल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## समाचार संक्षेप

### डीके कालेज के छात्र-छात्राओं ने निकाली यातायात जागरूकता रैली




**बलौदाबाजार, 24 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में 35वां सड़क सुरक्षा माह 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत जिले में 4 से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के तहत 23 जनवरी को डी.के.कालेज बलौदाबाजार के छात्र-छात्राओं के सांथ यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभी को यातायात नियमों का पालन करने हेतु शपथ दिलाया गया। इस रैली का उद्देश्य यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाना एवं अधिक से अधिक लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना है। पुलिस टीम द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन कर बलौदाबाजार नगर के सभी प्रमुख मार्ग एवं चौक चौराहा का भ्रमण किया गया एवं लोगों से यातायात नियमों का सदैव पालन करने की अपील की गई। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस की अपील सुरक्षित एवं सुगम परिवहन के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन आवश्यक है, इससे आमजनों द्वारा अनुशासित होकर वाहन चालन किया जाएगा, जिले में सुरक्षित परिवहन के लिए आमजनों का भी परस्पर सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

### निर्वाचन कार्य में बाधा उत्पन्न करने पर प्रधान पाठक को किया निलंबित

**बलौदाबाजार, 24 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बलौदाबाजार- भाटापारा दीपक सोनी ने निर्वाचन कार्य में बाधा उत्पन्न करने तथा उच्च अधिकारियों के साथ अमर्यादित व्यवहार करने पर प्रधान पाठक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में निलंबित प्रधान पाठक का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिमगा नियत किया गया है। जारी आदेश के अनुसार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला माता देवालय भाटापारा को मतदान केंद्र के रूप में अधिसूचित किया गया है। 23 फरवरी 2025 को भाटापारा स्थित अतिरिक्त कलेक्टर के कार्यालय में नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु नाम निर्देशन पत्र लेने की कार्यवाही की जा रही थी उसी दौरान उक्त स्कूल की प्रधान पाठक जसमीन राजसिंह के द्वारा रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में प्रवेश कर उनके विद्यालय को मतदान केंद्र के रूप में अधिसूचित किये जाने पर दुर्व्यवहार करते हुए उक्त मतदान केंद्र में निर्वाचन नहीं होने देने की बात की गई एवं रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार किया गया। प्रधान पाठक का यह कृत्य सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत होने के कारण दंडनीय है। सिविल सेवा आचरण नियम के तहत प्रधान पाठक जसमीन राजसिंह को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### 192 पाव देशी मसाला शराब के साथ तीन कोचिये गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 24 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आपरेशन विश्वास के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 18.01.2025 को थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर स्कूटी वाहन के माध्यम से बिक्री करने के लिए अवैध रूप से शराब ले जाते हुए 03 शराब कोचियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 21, 120 कीमत मूल्य का 192 पाव देशी मसाला शराब, अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त बिना नंबर स्कूटी वाहन एवं 02 मोबाइल जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 72/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है। आरोपियों के नाम आशीष कुर्रे उम्र 20 साल निवासी दशरमा रोड बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली नारायण सोनवानी उर्फबाबू उर्फरॉकी उम्र 19 वर्ष निवासी इंदिरा कॉलोनी अटल आवास बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली उमेश निर्मलकर उर्फ छोटू उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम शुक्लाभाटा थाना सिटी कोतवाली है।

### समीक्षा बैठक में एसपी ने गुम इंसानों की बरामदगी के लिए सार्थक प्रयास के दिए निर्देश



**बलौदाबाजार, 24 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 19 जनवरी को पुलिस कार्यालय सभाकक्ष में अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम बालक/बालिकाओं की बरामदगी हेतु और अधिक सार्थक प्रयास करने हेतु हिदायत दिया गया। उन्होंने कहा कि गुम इंसान के प्रकरण में उनके परिजन, जान पहचान वालों एवं रिश्तेदारों से मिलकर आवश्यक जानकारी प्राप्त करें तथा उनके सकुशल बरामदगी हेतु प्रयास करें। उन्होंने एनडीपीएस के मामलों में 68F के तहत एवं PITNDPS के तहत प्रकरण तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही बैठक में 01 वर्ष से अधिक समय से लंबित अपराध एवं लंबित चालान पर विधिवत कार्रवाई कर अविलंब इनके निकाल करने हेतु निर्देशित किया गया।

आगे बैठक में उन्होंने आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट एवं जिलाबदर के आंकड़ों पर सबका ध्यान आकृष्ट करते हुए उपरोक्त धाराओं में और अधिक कार्यवाही करने हेतु हिदायत दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि VCNB का Digitisation हो रहा है, जिसके लिए जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को नोडल जिला चुना गया है, इसके लिए आप सभी आवश्यक कार्रवाई कर यह कार्य संपन्न करें तथा साथ ही आप समस्त थाना/चौकी प्रभारी VCNB का वार्षिक टीप स्वयं अपने हाथों से लिखें। क्षेत्र अंतर्गत ढाबा में पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले अथवा शराब बिक्री करने वाले ढाबा संचालकों पर कड़ी कार्रवाई करें। साथ ही उनके विरुद्ध बाउंड ओवर की लगातार कार्रवाई कार्यवाही करें। विशेष रूप से आप सभी थाना/चौकी में रॉक्स गैलरी का निर्माण जल्द कर लें एवं उसे अपने थाना/चौकी में ऐसे स्थान पर लगावे, जहां से वह थाना/चौकी में आने वाले फरियादियों, आमजनों की नजरों में आसानी से आ पाए, विशेषकर इसे प्रवेश द्वार के आसपास लगावे।

## एक नजर

### कैट कार्यालय में मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

**रायपुर 24 जनवरी।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि देश के सबसे बडे व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) सी.जी. चैप्टर के प्रदेश कार्यालय में 76वॉ गणतंत्र दिवस मनाया जायेगा। 76वॉ गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के मुख्य अथिति कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी रहेगें। राष्ट्रीय ध्वजारोहण कार्यक्रम सुबह 8:45 में कैट के प्रदेश कार्यालय, मकान नम्बर सी -01, ई.ए.सी. कालोनी, आक्सीजोन गार्डन के पास कैनाल लिकिंग रोड, रायपुर में होगा। कैट एवं युवा टीम के सभी पदाधिकारियों तथा समस्त व्यापारी एवं उद्योगपति बंधुओं से आग्रह किया है कि वे समय पर ध्वजारोहण कार्यक्रम में अवश्य ही उपस्थित होवें।

### चेम्बर कार्यालय में होगा ध्वजारोहण

**रायपुर 24 जनवरी।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचन्द गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने जानकारी दी कि 76वां गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण कार्यक्रम छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज कार्यालय चै.देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट में 26 जनवरी को ठीक प्रातः 9.30 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। चेम्बर पदाधिकारियों ने समस्त व्यापारी उद्योगपति बंधुओं से आग्रह किया है कि वे समय पर ध्वजारोहण कार्यक्रम में अवश्य ही उपस्थित होवें।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**रायपुर, 24 जनवरी।** शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार 24 वर्षीय प्रार्थिया ने मौदहापारा थाना में शिकायत किया कि आरोपी संजू बंजारे से उसका परिचय फेसबुक के माध्यम से हुआ था। आरोपी ने प्रार्थिया को शादी का झांसा देकर होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया। प्रार्थिया की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर हिरासत में लिया है।

### नौकरी दिलाने का झांसा देकर 1 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर, 24 जनवरी ।** नौकरी लगाने के नाम पर 1 लाख 65 हजार से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अरूणी मुकुंद 32 वर्ष लाभांडी पार्क तेलीबांधा का रहने वाला है। प्रार्थी ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि उसके पास मोबाइल क्रमांक 98896-35114 के धारक ने प्रार्थी को फोन कर नौकरी लगाने के नाम पर रजिस्ट्रेशन के कराने के लिए प्रार्थी से 1 लाख 65 हजार 755 रुपए ठग लिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### ज्यादा पैसे कमाने का झांसा देकर साढ़े 25 लाख की ठगी

**रायपुर, 24 जनवरी।** टैक्स जीवन सर्विसेस फ्रेन्चाइजी खरीद कर मुनाफा कमाने का झांसा देकर 25 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शिवकुमार अग्रवाल 69 वर्ष सेक्टर 2 अग्रोहा कालोनी रायपुरा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी कन्हैया लाल चण्डा, जयनारा और स्वाती अरोरा ने प्रार्थी को टैक्स जीवन सर्विसेस फ्रेन्चाइजी खरीद कर अधिक मुनाफा कमोन का लालच देकर फ्रेंचाइजी और पार्टनरशीप के नाम पर आरोपियों ने प्रार्थी से 25 लाख 50 हजार रुपए ऐंठ लिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### निधन

### गोविंद प्रसाद शर्मा



**रायपुर।** सुंदर नगर निवासी,श्री गोविंद प्रसाद शर्मा जी का 77 वर्ष की आयु में ( खेड़ा वाले, मुंगेली ) आज़ सुबह 8 .50 बजे निधन हो गया है। अंतिम यात्रा आज दोपहर 1 बजे निवास स्थान म.नं,81 साईं मंदिर, सुंदर नगर से महादेव घाट मुक्ति धाम के लिए निकली। वे राजकुमार पाण्डे के बड़े भाई एवम देवेंद्र ,भूपेंद्र जितेंद्र ,नागेंद्र, श्रीमती मीनाक्षी राजेंद्र पांडे एवं श्रीमती प्रीति दीपक चौबे के पिता थे।

# निगम के सामान्य वार्डों में मचा दंगल

## कांग्रेस और भाजपा के दस से अधिक दावेदार

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 24 जनवरी।** नगर निगम के चुनाव के लिए राजनीतिक दलों द्वारा अभी तक प्रत्याशियों की अधिकृत सूची नहीं जारी की गई है। पार्षद और महापौर के दावेदारों ने अपने-अपने राजनीतिक आकाओं का चक्कर काटना शुरू कर दिया है। इधर नगर निगम रायपुर के सामान्य वार्डों में दंगल मचा हुआ है। इन वार्डों में भाजपा और कांग्रेस के 10 से अधिक दावेदार हैं।

निगम में कुल 70 वार्ड हैं जिनमें अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग और महिला संवर्ग के लिए आधे से ज्यादा वार्ड आरक्षित हो गए हैं। अब सामान्य वार्डों में चुनाव लड़ने के लिए दंगल मचा हुआ है। कांग्रेस नेता मोहम्मद अकबर, सत्यनारायण शर्मा, विकास उपाध्याय, सुबोध हरितवाल और पंकज शर्मा टिकिट दिलाने के लिए अपने समर्थकों को आश्वासन दे रहे हैं। कांग्रेस ने जिला स्तर पर सभी दावेदारों की सूची मंगा ली है जिस पर 26 जनवरी को फैसला होगा। विकास उपाध्याय के कई समर्थकों ने पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में अपना प्रचार शुरू कर दिया है। स्वामी आत्मानंद वार्ड में राजेश मूणत का निवास है इसलिए यहां पर कांग्रेस के शीर्ष नेता मूणत को उनके ही वार्ड में घेरने की रणनीति बना रहे हैं। रामसागरपारा निवासी खंडेलवाल सहित अन्य लोगों के नाम चर्चा में है।

### सरिता वर्मा ने की महापौर पद के लिए दावेदारी

महामाया मंदिर वार्ड से तीसरी बार विजयी हुई सरिता वर्मा ने बताया कि वे महापौर पद के लिए चुनाव लड़ना चाहती हैं। राजधानी में महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड पुरानी बस्ती, स्वामी आत्मानंद वार्ड, विवेकानंद वार्ड सदरबाजार, सहित 30 से अधिक वार्ड सामान्य हो गए हैं। सदर बाजार वार्ड में मनोज कंदोई, मुरली शर्मा, विनय ओझा तथा शुक्ल परिवार के लोग टिकिट की मांग कर रहे हैं। शहर के सभी सामान्य वार्डों में दावेदार जनसम्पर्क कर रहे हैं। भाजपा में बृजमोहन अग्रवाल, सुनील सोनी, राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू अपने-अपने समर्थकों को टिकिट दिलाने का प्रयास कर रहे हैं।

### शीघ्र जारी होगी भाजपा की सूची

भाजपा के प्रवक्ता के अनुसार संगठन ने पार्षद पद के लिए रायशुमारी कर ली है। अब टिकिट की अधिकृत घोषणा की जाएगी। भाजपा के शीर्ष नेताओं को इस बात का भय है कि टिकिट नहीं मिलने पर कई प्रत्याशी बागी के रूप में चुनाव मैदान में उतर सकते हैं इसलिए टिकिट 26 फरवरी को जारी किए जाने की संभावना है। आज जिलाधीश कार्यालय में नामांकन पत्र भरने का सिलसिला जारी है। सभी दावेदार नगर निगम कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। यहां से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने के बाद ही नामांकन दाखिल कर सकते हैं।



# गणतंत्र दिवस समारोह के लिए फुल ड्रेस रिहर्सल जारी

**रायपुर 24 जनवरी।** रायपुर में गणतंत्र दिवस की परेड को लेकर जोरदार तैयारियां की जा रही हैं। आज पुलिस लाइन में परेड प्रभारी प्रफुल्ल कुमार ठाकुर की अगुवाई में फुलड्रेस रिहर्सल किया गया। परेड के दौरान अलग-अलग टोलियों में शामिल पुलिसकर्मियों ने अनुशासन और दक्षता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कदमताल मिलाते हुए जवानों ने एकजुटता और देशभक्ति की भावना को प्रकट किया। इस दौरान परेड प्रभारी प्रफुल्ल कुमार ठाकुर ने रिहर्सल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए जवानों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस पर होने वाली ये परेड देश के गौरव और संविधान की भावना को प्रदर्शित करती है। परेड के दौरान स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही हॉर्स राइडिंग का आयोजन भी किया जाएगा, जो आकर्षण का केंद्र रहेगा। रिहर्सल में जिले के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने परेड की व्यवस्थाओं और सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की। 26 जनवरी को होने वाली मुख्य परेड के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हर साल की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में लोगों के परेड देखने पहुंचने की उम्मीद है।

# आचार संहिता के कारण हेमचंद व खैरागढ़ विवि के कुलपतियों का चयन अधर में

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 24 जनवरी।** प्रदेश में आचार संहिता लागू होने के बाद अब हेमचंद यादव और खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय के कुलपतियों का चयन अधर में लटक गया है। राजभवन से मिली जानकारी के अनुसार इन दोनों विश्वविद्यालयों के कुलपति चयन के लिए समिति गठित की गई थी। संभागायुक्त महादेव कावरे खैरागढ़ विश्वविद्यालय में कुलपति चयन के लिए नियुक्त किए गए थे। उन्होंने एक पैनल बनाकर भेज दिया है। इस पैनल में सुविख्यात संगीतकार एवं राष्ट्रीय स्तर के संगीत विशेषज्ञों का नाम शामिल किया गया है। अब राजभवन को ही तय करना है कि किसका चयन किया जाए।

हेमचंद यादव विवि के कुलपति पद के लिए स्थानीय प्राध्यापकों ने आवेदन दिया है। प्राध्यापकों ने अपना प्रेजेंटेशन भी दिया है। विवि के रजिस्ट्रार एवं शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए अपना-अपना प्रोजेक्ट जमा कर दिया है। छत्तीसगढ़ में कुलपति चयन का अधिकार कुलाधिपति एवं राज्यपाल को है। पिछले कई दिनों से कुलपति चयन को लेकर विवाद चला आ रहा था।

# कोटेशन में कम दर भरने के बावजूद नहीं दिया गया अनाज आपूर्ति का ठेका

**रायपुर 24 जनवरी।** राजधानी के केंद्रीय कारागार में बंदियों के लिए अनाज खरीदी में गोलमाल की बू आ रही है। कम दर पर अनाज आपूर्ति करने वाले ठेकेदार को दरकिनार कर अपने किसी चहेते ठेकेदार को उपकृत करने जुगाड़ लगाया जा रहा है, भले ही वह ठेकेदार अधिक दर पर सप्लाई करे। यही वजह है कि कोटेशन खोलने के बाद भी आपूर्ति का आर्डर जारी नहीं किया गया है। उक्ताशय का आरोप लगाते हुए जनरल ऑर्डर सप्लायर आहूजा एंड संस के प्रोपाइटर महेश आहूजा ने क्रेंद्रीय जेल अधीक्षक अमित सांडिल को पत्र लिखा है। आहूजा ने बताया है कि तीन जनवरी 2025 को जेल प्रशासन द्वारा बुलाए गए कोटेशन में भाग लेकर उन्होंने अनाज की कम दरें डाली थी। तीन अन्य फर्मों ने जेल से दिए गए प्रोफार्मा को उठाकर रिंग बनाकर दरें नहीं डाली। लिहाजा क्रय समिति को कोटेशन रद्द करना पड़ गया। आहूजा ने बताया कि मैंने जो दरें डाली थी उससे जेल प्रशासन को तकरीबन तीन लाख रुपए की बचत होती। जेल नियमावली 1968 के पैरा 566 में स्पष्ट उल्लेख है कि जेल अधीक्षक को अधिकार है कि वह बाजार से बंदियों के भोज के लिए कम दर में स्तरीय अनाज खरीद सकता है। भंडार क्रय नियम 2002 में स्पष्ट प्रावधान है कि खरीदी में पांच सौ रुपए से ऊपर की हानि गंभीर प्रवृत्ति की है। दोषी अधिकारी से वसूली की कार्रवाई की जा सकती है। आहूजा का कहना है कि अतिरिक्त भाड़ा लेकर वह दुर्ग, अंबिकापुर व जगदलपुर जेल में भी सप्लाई कर सकता है। भंडार क्रय नियम 2002 में स्पष्ट उल्लेख है कि कोटेशन में सुस्पष्ट व शर्तें लागू की जाए किंतु यहां कठीन शर्तें लगाई गई। आहूजा ने कहा है कि उन्होंने कोटेशन में बाजार दर से काफी कम दर भरा है लिहाजा कोटेशन खोलकर उनके फर्म को आपूर्ति का आर्डर दिया जाए। जेल में प्रति माह करीब 500 क्विंटल चावल व 300 क्विंटल गेंहू लगता है।

### गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 24 जनवरी।** तेलीबांधा पुलिस ने गुरूनानक इलेक्ट्रानिक के पीछे गांजा बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 किलो 600 ग्राम गांजा जब्त किया है। तेलीबांधा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गुरूनानक इलेक्ट्रॉनिक के पीछे एक युवक गांजा बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी नोहर ध्रुव 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 1 किलो 600 ग्राम गांजा जब्त किया है।

### निकाय चुनाव में कांग्रेस की होगी विजय : दीपक बैज

**रायपुर, 24 जनवरी ।** स्थानीय निकायों के चुनावों में कांग्रेस नगरीय एवं पंचायत दोनों जगह चुनाव जीतेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस इन स्थानीय निकाय के चुनावों में न सिर्फ अपनी पिछ्ली जीत दोहरायेगी, अबकी बार और अधिक पंचायत एवं निकाय क्षेत्रों में कांग्रेस के प्रत्याशी चुनाव जीत कर आयेंगे। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के खिलाफ वातारण है। लोग प्रदेश की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था, रोज हो रही हत्याओं, बलात्कार, लूट, चाकूबाजी की घटनाओं के कारण सरकार से निराश है, भाजपा की साय सरकार ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में जनता को निराश किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय भाजपा ने जनता से जो वादा किया था, एक साल में उसको पूरा नहीं किया है। न 500 रू. सिलेंडर देने का वादा पूरा किया।

### फलों के सेवन से शरीर स्वस्थ रहता है- डॉ चंद्रमणी तिवारी

**रायपुर, 24 जनवरी।** ठंड के मौसम में फलों एवं अन्य विटामिन युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन शरीर को स्वस्थ्य रखता है। कोटा निवासी आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. चंद्रमणी तिवारी ने एक मुलाकात के दौरान बताया कि फलों का सेवन हमारे शरीर को स्वस्थ्य रखने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करता है शरीर के अंगों में फलों के सेवन से होने वाले प्रभावों का उल्लेख करते हुए डॉ. तिवारी ने बताया कि गाजर खाने से आंखों रोशनी बढ़ती है । टमाटर के प्रयोग से हार्ट की धड़कनों में बिना रूकावट रक्त संचरण होता है। राजमा का प्रयोग किडनी के स्वस्थ रखने में प्रभावी भूमिका निभाता है वहीं पेट से संबंधित बिमारियों के निदान के लिए सब्जी एवं चाय में अदरक का प्रयोग लाभकारी है। वालनट के प्रयोग से दिमाग में स्फूर्ति आती है। शकरकंद का प्रयोग मधुमेह के रोगियों के लिए रामबाण औषधि है। यह पैक्रियाज में बनने वाले इंसुलिन को नियंत्रित करता है। अंगूर का प्रयोग फेफड़ों से संबंधित बीमारी के लिए अति उत्तम है।

### डीजल की वैट दर और बिजली दर में आम जनता को भी छूट दें

**रायपुर 24 जनवरी ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की सरकार महंगाई से राहत देने में भेदभाव कर रही है। उद्योगपतियों से डीजल में प्रति लीटर 17 प्रतिशत वैट चार्ज लिया जा रहा है। उद्योगपतियों को डीजल में प्रति लीटर 6.50 रु. की छूट दी जा रही है। वही आम जनता, किसान, छोटे मंझौल व्यापारी, ट्रांसपोर्टर, बस मालिक, ट्रेक्टर मालिक, ऑटो, टेम्पो मालिको को 6.50 रु. की छूट से वंचित किया गया है। इनसे डीजल में प्रति लीटर 24 प्रतिशत की दर से वैट लिया जा रहा है। यह कैसा भेदभाव है? महंगाई से तो हर वर्ग पीड़ित है। हर वर्ग परेशान है और सरकार की जवाबदेही है। जब कोई नीति निर्धारित करता है तो उसका लाभ सर्वहारा वर्ग को मिलना चाहिए। उद्योगपतियों को बिजली दर में 1 रु. की छूट दी गई है, वही आम उपभोक्ताओं को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है, बल्कि प्रदेश के आम उपभोक्ता महंगी बिजली दरों से परेशान है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की सरकार पूंजीपतियों एवं खास वर्गों को लाभ पहुंचाने के लिए काम करती है, यह प्रदेश के 3 करोड़ जनता के साथ अन्याय हैं। कांग्रेस सरकार ने छोटे जमीन खरीदने पर रजिस्ट्री में 30 प्रतिशत छूट जो गरीबों को और मध्यम वर्गों को दिया था, उस छूट को खत्म कर दिया गया है। छोटे प्लाट खरीद कर मकान बनाने वालों के सपनों को चूर किया है। छोटे प्लाट के रजिस्ट्री पर बैन लगा दिया है। किसानों को रबी फसल के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रहा है। धान खरीदी में किसानों के साथ धोखा हुआ है। यह सरकार पूरी तरीका से आम वर्गों की सुख चैन की विरोधी है। सरकार तत्काल उद्योगपतियों को डीजल और बिजली दर में मिले छूट का लाभ आम लोगों के लिए भी लागू करें।

# विप्र कॉलेज के विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को किया जागरूक



**रायपुर 14 जनवरी।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय के शिक्षा विभाग विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के पवित्र संगम सोमनाथ सिमगा ग्राम लखना मे ऐतिहासिक मंदिर का दर्शन किया। रमणीय स्थल सोमनाथ में शिवनाथ व खारून नदी संगम का आनंद लेते हुए ग्रामीण क्षेत्र से परिचित हुए। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा लखना ग्राम में सर्वेक्षण कार्य किया गया । जिससे साक्षरता, आर्थिक स्थिति व लिंगानुपात आधार पर पाठ्यक्रम अंतर्गत प्रोजेक्ट तैयार किया जा सके इस दौरान बालिका शिक्षा तथा पर्यावरण से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम भी किए गए। सर्वेक्षण के दौरान छात्रों ने घर-घर जाकर ग्रामीणों के शैक्षणिक एवं आर्थिक स्थिति से अवगत होते हुए बालिका शिक्षा के लिए सबको प्रोत्साहित किया ।सर्वेक्षण प्रपत्र भी ग्रामीण परिवार से भरवाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शहरों में प्रदूषण और जिंदगी की तेज रफ्तार के बीच गांव में आकर ही राहत के पल मिलते हैं । इसलिए अगर हमें गांव अच्छा लगता है तो गांव के प्रति भी हमारा कुछ कर्तव्य भी है ।ग्रामीणों को स्वच्छता ,शिक्षा एवं स्वास्थ्य को लेकर जागरूक करना आवश्यक हैं। साथ ही गांव की समस्याओं का समाधान खोजना भी हमारा दायित्व है।

# नक्सली चलपति को भगवान बताए जाने पर डिप्टी सीएम को आपत्ति

**रायपुर 24 जनवरी।** दो दिन पहले मारे गए एक करोड़ के ईनामी नक्सली चलपति को उसके ससुर द्वारा भगवान बताए जाने पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि जिन्होंने स्कूल बनने नहीं दिया, बिजली-पानी पहुंचने नहीं दी, कई बच्चों को बेघर किया, पुलिस से मिले होने की बात कहते हुए सैकड़ों लोगों की हत्या कर दी. उसके लिए ऐसी बातें समझ से परे है.



डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संगठन बैठक से पहले मीडिया से चर्चा की. इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ में मनी म्यूल मामले में साइबर रेंज ने कार्रवाई करते हुए 3 नाइजीरियन सहित 62 लोगों को गिरफ्तार किए जाने पर रायपुर रेंज की तारीफ की.

उन्होंने कहा कि आगे भी कार्रवाई होगी. इसमें और बड़ी सफलताएं पुलिस को मिलेगी. एनडीपीएस और साइबर क्राइम के जितने केसेस हैं, उन सभी को मिलाकर देखा जा रहा है. जो भी बाहर से आकर या आस-पास के देशों से आकर यह काम कर रहे हैं, प्रदेश में पूरी योजना के साथ उनकी शिनाख्त कर कार्रवाई की जाएगी. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्वाचन आयोग से किए गए सवालों पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि सरकार आने पर भूल जाते है कि ईवीएम से ही चुनाव हुए हैं. ये वही लोग हैं, जो महाराष्ट्र में चुनाव हारने पर धरने पर बैठते हैं, और झारखंड में चुनाव जीतने पर कपड़े बदलकर शपथ लेते हैं।

# छत्तीसगढ़ के विकास से कांग्रेस दुखी : केदारनाथ

**रायपुर 24 जनवरी।** रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने प्रेस ब्रीफ को संबोधित करते हुए कहा कि अभी हाल ही के दिनों में मुंबई में छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट का दूसरा चरण आयोजित किया गया। छत्तसीगढ़ को भारत के मुख्य मार्ग पर प्रशस्त करने हेतु सरकार ने कई कदम उठाये है। यह इन्वेस्टर्स समिट उनमे से एक है। छत्तीसगढ़ में गुरुवार को प्लास्टिक, कपड़ा, आईटी और खाद्य प्रसंस्करण सहित विभिन्न क्षेत्रों की अग्रणी कंपनियों से ?6,000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव आए।




भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कहा कि बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अमेरिकी महावाणिज्य दूत माइक हैंकी और रूस के महावाणिज्य दूत इवान वाई फेटिसोव के साथ राज्य में स्वास्थ्य, शिक्षा, आईटी और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राज्य की नई औद्योगिक नीति 2024-30 का मूलतंत्र %न्यूनतम शासन, अधिकतम प्रोत्साहन के आदर्श को दुनिया के सामने रख छत्तीसगढ़ को वाणिज्य और विनिर्माण के क्षेत्र में भारत के एक अभिन्न अंग के रूप में प्रदर्शित किया। राज्य की नई औद्योगिक नीति के लागू होने के बाद से छत्तीसगढ़ को रायपुर, दिल्ली और मुंबई में आयोजित इन बैठकों के माध्यम से एक लाख करोड़ से अधिक के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। पिछले साल दिसम्बर 2024 में दिल्ली में आयोजित इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट में प्रदेश को 15,184 करोड़ के निवेश के प्रस्ताव मिले थे। इसमें प्रमुख रूप से नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र ने इनमें से 75% प्रस्तावों पर प्रतिबद्धता जताई थी। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ में निवेश बढ़ाने हेतु भाजपा की सरकार ने कई नवीनतम कदम उठाए है। जंहा कांग्रेस केवल राज्य और भारत को दशकों पहले के जंजाल में धकेलना चाहती है, वही यह भाजपा ही है जो छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ा रहा है। छत्तीसगढ़ को प्रगति की ओर अग्रसर करने के लिए और साथ ही प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के लिए साय सरकार के कई कदम उठाए है, जैसे -अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर दिया गया है, और अब मंजूरी एकल खिड़की प्रणाली के माध्यम से दी जाती है, जिससे निवेशकों को काफी राहत मिली है।

नया रायपुर में एक नए डेटा सेंटर के शुभारंभ की घोषणा, जिससे शहर को सूचना और प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में विकसित करने में और मदद मिलेगी। इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, खाद्य और कृषि प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में निवेश के लिए विशेष रियायतें हैं।

# जेम पोर्टल पर कार्यशाला आयोजित

**रायपुर 24 जनवरी।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान,मनमोहन अग्रवाल, ने बताया कि बताया कि चेंबर भवन आज में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज तथा एमएसएमई के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम में आज गवर्मेंट ई मार्केटप्लेस जेम पोर्टल को लेकर कार्यशाला रखी गई जिसमे श्री प्रवीण साहू जी, जेम पोर्टल विशेषज्ञ, एमएसएमई विभाग, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम के संयोजक और युवा चेंबर महामंत्री श्री कांति पटेल ने बताया कि आज चौधरी देवीलाल उद्योग भवन में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज तथा एमएसएमई विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत आज कार्यक्रम के तीसरे दिन गवर्मेंट ई मार्केटप्लेस जेम पोर्टल को लेकर कार्यशाला रखी गई ।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए श्री पटेल जी ने बताया कि आज कार्यशाला में श्री प्रवीण साहू जी, जेम पोर्टल विशेषज्ञ, एमएसएमई विभाग, द्वारा गवर्मेंट ई मार्केटप्लेस जेम पोर्टल से संबधित विभिन्न जानकारियां जैसे सेलर रजिस्ट्रेशन कैसे किया जाए, प्रोडक्ट लिस्टिंग, पेमेंट प्रोब्लम में टिकट रेस कैसे करें, प्रोडक्ट कैटेगरी कैसे सर्च करे, ऑथराईजेशन एवं नॉन ऑथराईजेशन तथा एल-1 पर्चेस पैरामीटर इत्यादि विषय पर विस्तृत जानकारियां दी गई।

इस अवसर पर चेंबर उपाध्यक्ष योगेश नारंग, मंत्री राजेंद्र खटवानी, दिलीप इसरानी, युवा महामंत्री कांति पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हिमांशु वर्मा, उपाध्यक्ष योगेश भानुशाली, मंत्री जयराज गुरनानी, अदित गंगवानी, रमेश चंद जैन, मोहन वल्यानी, नागेन्द्र तिवारी, सुभाष अग्रवाल, प्रथम तलरेजा, हनीश एम चौहान, हरीलाल वर्मा, नितिन गोवानी, पायल कन्नोजे, टेकराम, परम पटेल, राज पटेल, द्वारिका गुप्ता, मोहित चांडक, संजय दुगर, योगेश पटेल, भारत पटेल सहित व्यापारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26